# 1. Instalments for Instalments

## हिन्दी अनुवाद

### तैयार हो जाइए

कभी-कभी पैसे बचाने से सम्बन्धित सबसे कठिन कार्य केवल आरंभ करना होता है। पैसा बचाने की यह कदम-दर-कदम मार्गदर्शिका आपकी एक सामान्य व वास्तविक रणनीति बनाने में सहायता कर सकती है।

आपातकालीन निधि बनाना

बजट स्थापित करना

पिग्गी बैंक का प्रयोग करना

बचत योजना बनाना

अपने कार्य के प्रति निष्ठावान रहना

घर पर बनी वस्तुएँ उपयोग करना

**अध्यापक के लिए**—प्रसन्न रहने के लिए बचत सबसे महत्त्वपूर्ण वस्तु है। अध्यापक को छात्रों के भविष्य की बेहतरी के लिए उन्हें पैसे की बचत का उपयोग तथा महत्त्व बताना चाहिए।

आण्ट पॉली बिल और सूजन के घर आईं। बिल ने उन्हें बताया कि घर में सब कुछ उसने आसान किश्तों में खरीदा है।

बिल : आण्ट पॉली, यह हमारा बैठने का कमरा है।

आण्ट पॉली : कितना सुंदर व आरामदायक कमरा है! छोटा है किन्तु हर प्रकार का सुंदर फर्नीचर है।

सूजन : आपका स्वागत है, आण्ट पॉली।
सूजन आगे आती है···

सूजन : हाँ, आण्ट पॉली, हम इसे प्रेम करते हैं। हम अक्सर यहाँ बैठते हैं और एल०ई०डी० पर फिल्में देखते हैं।

आण्ट पॉली : हमारे समय में केवल रेडियोग्राम होते थे।

सूजन : हमारी किचिन व बैडरूम में अतिरिक्त स्पीकर लगे हैं।

बिल : इस कोने में स्टीरियो सिस्टम भी है।
आण्ट पॉली बैल्कनी में बाहर आती हैं।

आण्ट पॉली : तुमने पियानो बैल्कनी में क्यों रखा है?

बिल : हमने उसे वहाँ इसलिए रखा क्योंकि कमरा छोटा है।
कृपया बैठ जाइए, आण्ट पॉली।

सूजन : क्या आपको हमारा नया घर अच्छा लगा?
आण्ट पॉली मुस्कराईं और बोलीं।

आण्ट पॉली : बहुत अच्छा, मेरे प्यारो, तुम्हारे पास सब कुछ है। मैंने पोर्च में एक महँगी कार भी देखी।

बिल : हाँ, आण्ट पॉली

आण्ट पॉली : तुम्हारे हाथ में महँगा आई-फोन··· किचिन में नया फ्रिज..बैल्कनी में पियानो···

लिविंग रूम में एल०ई०डी०··· और सुंदर फर्नीचर।

सूजन ट्रे के साथ आती है।

सूजन : आप क्या लेंगी, आण्ट पॉली, गर्म कॉफी या ठंडा कोला?

आण्ट पॉली : गर्म कॉफी!

तुम्हारा घर बहुत सुंदर है। तुम इसका कितना किराया देते हो?

बिल : किराया नहीं, आण्ट पॉली, हमने यह घर खरीदा है।

आण्ट पॉली को आश्चर्य हुआ।

आण्ट पॉली : खरीदा? तुमने यह सब कैसे किया··· मेरी समझ नहीं आ रहा।

बिल : हमने कर लिया।

आण्ट पॉली : किन्तु मैंने विवाह पर उपहार के रूप में केवल पाँच सौ डॉलर का चैक दिया था।

सूजन : हमने केवल एक सौ डॉलर चुकाए और घर हमारा हो गया।

बिल : हाँ, आण्ट पॉली। घर खरीदना हर महीने किराया देने से सस्ता है। हमें केवल कुछ त्रैमासिक किश्तें चुकानी होती हैं।

आण्ट पॉली : बिल, क्या तुम्हारी तनख्वाह में ऊँची बढ़त हुई है?

बिल : पिछले वर्ष ही मेरे दस डॉलर बढ़े हैं।

सूजन : वह तो कुछ भी नहीं है। हम इस क्रिसमस पर बीस डॉलर की आशा कर रहे हैं।

बिल : जी हाँ।

आण्ट पॉली : मुझे लगता है कि वह नई कार··· क्या तुमने उसे नकद खरीदा है?

सूजन : आण्ट पॉली, देखिए, उस प्रकार से हम कार कभी भी नहीं खरीद सकते थे। किन्तु अब हम केवल सौ डॉलर का अग्रिम भुगतान करके गाड़ी का आनंद ले सकते हैं तथा बाकी आसान किश्तों में।

आण्ट पॉली : मैं देख पा रही हूँ कि पियानो भी आसान किश्तों पर खरीदा गया है।

सूजन : अब मैं आपके लिए एक कप कॉफी बना लाती हूँ, आण्ट पॉली।

आण्ट पॉली : और फ्रिज?

बिल : अच्छा, वो··· अच्छा, वह···

तभी बिल का आईफोन बजता है।

आण्ट पॉली : और यह एप्पल आइफोन?

बिल : मुझे डर है···

आण्ट पॉली : मुझे लगता है कि यह फर्नीचर ही तुम्हारा है।

सूजन : हाँ, नहीं, वास्तव में यह दो टेबिल ही हमारी हैं।

आण्ट पॉली : और बाकी इस या उस कॉर्पोरेशन के श्रीमान किसी का है? सुनो, तब मैं श्रीमान किसी के फर्नीचर पर नहीं बैठने वाली।

सूजन : ओह···

आण्ट पॉली खड़ी हो जाती हैं।

आण्ट पॉली : तुम्हारे पास सब कुछ आसान किश्तों पर है··· आसान किश्तें। मुझे बताओ वे कितनी आसान है। मुझे बताओ कि तुम्हारे द्वारा दी जाने वाली किश्तों का कुल योग कितना है।

सूजन : आण्ट पॉली, कृपया बैठ जाइए।

बिल कोने की टेबिल से एक डायरी उठा कर खोलता है···

बिल : हाँ, वास्तव मैं··· यह प्रति सप्ताह एक सौ सैंतालीस डॉलर है।

आण्ट पॉली : हे भगवान, और तुम प्रति सप्ताह कितना कमाते हो?

बिल : मैं प्रति सप्ताह एक सौ दस डॉलर कमाता हूँ। मैं बीस डॉलर प्रति सप्ताह के लिए छोटा-मोटा काम भी करता हूँ।

आण्ट पॉली : बेतुका! तुम एक सौ तीस डॉलर में से एक सौ सैंतालीस डॉलर कैसे दे सकते हो?

सूजन : और वास्तव में, बाकी का पैसा हम बिग एप्पल कार्पोरेशन से उधार लेते हैं।

आण्ट पॉली : और तुम्हारा साप्ताहिक घर का और दूसरा खर्चा?

बिल : वे हमें किश्तें चुकाने के लिखित आश्वासन पर कोई भी रकम उधार दे देते हैं।

आण्ट पॉली : किश्तों के लिए किश्तों का कितना खराब चक्कर है यह! हे भगवान, इन बच्चों को थोड़ा ज्ञान दे।

आण्ट पॉली कमजोर महसूस करती हैं और बैठ जाती हैं।

बिल : आण्ट पॉली, कृपया चिन्ता न करिए। जीवन ऐसे ही चलता है।

सूजन : कुर्सी पर आराम से बैठ जाइए।

आण्ट पॉली लपक कर खड़ी हो जाती हैं।

आण्ट पॉली : कुर्सी··· श्रीमान किसी की कुर्सी।

बिल : आण्ट पॉली, आप थकी लगती हैं। क्या आप लेटना चाहती हैं?

आण्ट पॉली : उस बिस्तर पर लेटना जो श्रीमान किसी का है। नहीं, मैं वापस घर जा रही हूँ।

बिल : कृपया, आराम से।

बिल : आण्ट पॉली, हम इसे वापस चुका देंगे। मैं कुछ और अंशकालिक काम कर लूँगा।

आण्ट पॉली : मुझे लगता है मैं घर पर ही अच्छी रहूँगी।

बिल : खैर, अगर आपको ऐसा लगता है तो··· मैं आपको वहाँ तक ले जाऊँगा।

आण्ट पॉली : क्या, उस कार में जाना जो तुम्हारी नहीं है। नहीं, धन्यवाद। मैं बस ले लूँगी।

आण्ट पॉली गहरी साँसें ले रही हैं।

आण्ट पॉली : मैं अपने शब्दों और व्यवहार के लिए माफी माँगती हूँ। तुम्हें पूरी तरह कर्जे में पाकर मुझे झटका लगा। मैंने कभी एक सैंट का भी उधार नहीं किया।

आण्ट पॉली अपना हैण्डबैग खोलती हैं।

आण्ट पॉली : मैंने सबकुछ नकद खरीदा या खरीदा ही नहीं।

बिल : आप अच्छी हैं, आण्ट पॉली।

आण्ट पॉली उन्हें एक चैक देती हैं।

आण्ट पॉली : यह तुम्हारे लिए एक छोटा चैक है। एक बिल को चुका दो—जिससे कम से कम एक वस्तु तो वास्तव में तुम्हारी हो जाए।

सूजन : धन्यवाद, आण्ट पॉली।

आण्ट पॉली ने सूजन के माथे को चूमा।

आण्ट पॉली : गुडबाय मेरी प्यारी।

सूजन : गुडबाय आण्ट पॉली, उपहार के लिए बहुत धन्यवाद।

बिल : चलिए, फिर भी मैं आपको बस तक तो छोड़ दूँ।

बिल वापस आता है।

सूजन चैक को देखती है और खुशी से चहक उठती है।

सूजन : पचास डॉलर! किन्तु मुझे कौन-सा बिल चुका देना चाहिए?

बिल : चैक कितने का है?

सूजन : यह पचास डॉलर का है, बिल।

बिल : बहुत बढ़िया। हम इससे कार की अगली दो किश्तें चुका सकते हैं।

सूजन : मुझे लगता है कि हमें घर की एक किश्त देनी चाहिए।

बिल : मैं भूल गया था, आण्ट पॉली ने हमें एक बिल चुकाने को कहा जिससे कम से कम एक वस्तु तो वास्तव में हमारी हो जाए।

सूजन : किन्तु प्रत्येक वस्तु तो कुछ ही महीनों पहले ली गई है। उनकी किश्तों की लंबी पंक्ति है।

बिल : तब, क्या करना चाहिए?

सूजन : सुनो, सर्दी आ रही हैं। हमारे पास अच्छे कोट नहीं हैं।

बिल : ओह, हाँ तुम ठीक कह रही हो...किन्तु आण्ट पॉली ने कहा था...

सूजन : उन्होंने कहा था कम से कम कोट तो वास्तव में हमारे हो जाएँगे।

## Creative Exercise

### TEXTUAL STUDY

**A. Answer the following quetions :**

1. On seeing the sitting room of Bill and Susan's house, Aunt Polly commented, "What a beautiful and comfortable room/ small but having all type of pretty furniture."

2. On seeing Bill and Susan's house, Aunt Polly felt that the house was very lovely.
3. Some of the things in Bill and Susan's house were pretty furniture, LED television, stereo system, speakers, piano, new fridge, costly iphone, a new car and other household items.
4. Bill did not have to pay rent for his house because he had already bought it on instalments.
5. Every week, Bill earns one hundred and ten dollars and for his instalments, he has to pay one hundred and forty-seven dollars per week.
6. For the things he had bought, Bill managed to pay to imsetalments by doing some part time job, besides his regular job.
7. Aunt Polly refused to go home in Bill's car because the car was not his and had been bought on instalments, with money borrowed from someone else.
8. With the cheque that Aunt polly gave them before leaving, Bill and Susan bought coats for themselves as winter was coming.
9. The first time Susan asked Aunt Polly for coffee when she had arrived. It is basic courtesy to ask your guest as to what he or she will have. The second time she asked Aunt Polly for coffee when Aunt Polly was enquiring about the purchase of household goods and Susan wanted to divert her mind from that line of enquiry, as she was embarassed.

**B. Tick (✓) The correct option :**

**1.** (d) **2.** (c) **3.** (a) **4.** (d)
**5.** (b)

**C. Fill in the blanks :**

**1.** cheaper **2.** cash
**3.** one hundred and ten **4.** promise **5.** wisdom

**D. Write True or False :**

**1.** False **2.** True **3.** True **4.** False **5.** False **6.** False

**E. Match the following words :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | quarterly | American currency |
| 2. | wages | ability to make sensible decisions |
| 3. | vicious circle | covered entrance to a building |
| 4. | dollar | every three months |
| 5. | wisdom | regular amount of money |
| 6. | porch | problems after problems |

## Comprehensive Exercise

### GRAMMAR SKILL

**A. Given below are some sentences. Write their kinds :**

**1.** Assertive Sentence **2.** Interrogative Sentence

3. Imperative Sentence
4. Interrogative Sentence
5. Imperative Sentence
6. Interrogative Sentence
7. Assertive Sentence
8. Assertive Sentence
9. Imperative Sentence
10. Assertive Sentence

**C.** My uncle's name is Mr. Sanjeev Sabharwal. He is my father's younger brother. His parents (my grandparents) are Mr. O.P. Sabharwal and Mrs. Savitri Sabharwal.

My uncle is lovingly called 'Sanju' by everyone. Me and my sister call him Sanju *Chacha*. He has a very loving and helpful nature. When he plays with us, the acts as if he is of our age. He helps us whenever we need any sort of help. He takes us for long rides on his 'Bullet'.

Sanju *Chacha* is a sportsman. He has got a very fit body as he exercise a lot. He also asks us to play games and become fit as it is beneficial for us only. He also asks to respect and value everyone and become a good person.

We love Sanju *Chacha* as he is the best uncle and our best friend!

**D.** **1.** Life is a bed of thorns as it is full of dangers and difficulties we have to overcome these difficulties if we have to become successful.

**2.** Scientists made wonderful inventions and discoveries as they risked their lives and comforts, and worked hard to achieve their goals and dreams.

**3.** A weak heart can be frightened by petty difficulties.

**4.** (a) An event which cannot be explained by natural and scientific laws. It is a wonderful event which seems impossible and is believed to be caused by God.

(b) It is a possibility or event which involves dangerous or unpleasant happening.

**F.** **Do it yourself.**

# 2. The Open Window

**हिन्दी अनुवाद**

**तैयार हो जाइए**

कहानी सुनाना एक अच्छी प्रतिभा है और कहानी सुनना भी एक अच्छी आदत है। बच्चों को जंतुओं, पक्षियों, जादू, भूत, महामानव आदि की कहानियाँ सुनने में आनंद आता है।

पुस्तकों के नीचे उनके लेखकों के नाम लिखिए। बॉक्स से सहायता लीजिए।

ई०बी० व्हाइट    मार्कस जुसक    डॉ० स्युस

जे०के० राउलिंग    एस्ट्रिड लिंड्ग्रेन    एन फ्रैंक

**अध्यापक के लिए**—दी हुई कहानियों में से एक अच्छी कहानी चुन कर छात्रों को सुनाइए। साथ ही, उनके द्वारा चुनी गई अच्छी कहानी पर चर्चा कीजिए।

शहर के जीवन के शोर–शराबे से बचने के लिए लोग अक्सर गाँवों की ओर चले जाते हैं। गाँव जाने के फ्रैम्टन नटल के भी समान कारण थे—आराम और शान्ति की उम्मीद। उसके दुर्भाग्य से—उसे पता चलता है कि शान्त स्थानों में भी लोग उत्तेजना के तरीके तलाश लेते हैं। पता करने के लिए पढ़िए कि क्या होता है जब वह वहाँ एक कल्पनामय लड़की से मिलता है।

''मेरी बूआ अभी नीचे आएँगी, मि० नटल,'' पन्द्रह वर्ष की शान्तचित्त युवा महिला ने कहा! '' तब तक आप कोशिश करके मुझे झेलिए।''

फ्रैम्टन नटल ने कुछ ऐसा कहने की कोशिश की जिससे उस क्षण की भतीजी प्रसन्न हो जाए और बूआ को भूला भी न जाए। मन ही मन उसे सदा से अधिक संदेह था कि पूरी तरह से अपरिचित लोगों के यहाँ इस प्रकार की औपचारिक यात्राओं से तंत्रिका उपचार में, जो वह करा रहा था, में क्या सहायता मिलने वाली थी।

''मुझे मालूम है कि वह कैसा होगा,'' उसकी बहन ने कहा था जब वह इस गाँव में आने की तैयारी कर रहा था,'' तुम वहाँ एकदम छुप जाओगे और किसी भी जीवित प्राणी से बात नहीं करोगे। चुप रहने से तुम्हारा तंत्रिकाओं पर पहले से भी बुरा असर पड़ेगा। मैं वहाँ जितने भी लोगों को जानती हूँ, उनके लिए परिचय पत्र दे रही हूँ। जहाँ तक मुझे याद है, उनमें से कुछ तो बहुत अच्छे थे।''

फ्रैम्टन ने सोचा क्या मिसेज सैपलटन, वह महिला जिन्हें वह उन परिचय पत्रों में से एक दे रहा था, अच्छे वर्ग में आती थीं।

''क्या आप यहाँ कई लोगों को जानते हैं?'' भतीजी ने पूछा, जब उसने निर्णय कर लिया कि उनके बीच में शान्त संवाद पर्याप्त हो चुका।

''एक भी प्राणी नहीं,'' फ्रैम्टन बोला।

''पता है, मेरी बहन यहाँ चार वर्ष पूर्व कह रही थी, उसी ने मुझे यहाँ के कुछ लोगों के लिए परिचय पत्र दिए।''

उसने अंतिम वक्तव्य स्पष्ट अफसोस की ध्वनि में दिया।

''तब तो आप मेरी बूआ के बारे में कुछ भी नहीं जानते?'' वह शान्तचित्त युवा महिला बोली।

''केवल उनका नाम व पता,'' आगतुंक ने स्वीकारा। वह सोच रहा था कि मिसेज सैपलटन विवाहित हैं अथवा विधवा। कमरे में अपरिभाषित कुछ मर्दों के आवास की ओर इशारा कर रहा था।

''उनकी महान त्रासदी केवल तीन वर्ष पूर्व हुई,'' वह बालिका बोली, ''वह आपकी बहन के समय के बाद की बात होगी।''

''उनकी त्रासदी?'' फ्रैम्टन ने पूछा, गाँव के इस आरामदायक स्थान में त्रासदियाँ ठीक नहीं लग रही थीं।

आप सोच रहे होंगे कि अक्टूबर की दोपहर में हम उस खिड़की को खुला क्यों रखते हैं,'' लॉन की ओर खुलने वाली एक बड़ी फ्रेंच खिड़की की ओर इशारा करते हुए भतीजी बोली।

''वर्ष के समय के लिए अभी भी काफी गर्मी है,'' फ्रैम्टन बोला, ''किन्तु त्रासदी से उस खिड़की का क्या लेना-देना?''

''आज ही के दिन से तीन वर्ष पूर्व उनके पति व दो छोटे भाई दिन के शिकार के लिए उस खिड़की से गए थे। वे कभी वापस नहीं आए। शिकार करने के अपने प्रिय स्थान को जाते, दलदल को पार करते समय, वे तीनों कीचड़ के बड़े टुकड़े में समा गए। वह भयानक गीली गर्मी के दिन थे, आपको पता है, और वे स्थान जो अन्य वर्षों में सुरक्षित थे, बिना चेतावनी के खिसक गए। उनके शरीर कभी नहीं मिले। यह इसका सबसे खराब भाग था।'' यहाँ पर उस बालिका की आवाज में शान्तचित्त का भाव खो गया व मानवों की तरह लड़खड़ा गई।

''बेचारी बूआ सोचती रहती हैं किसी दिन भी वे वापस आ जाएँगे, वे और उनके साथ वह छोटा भूरा कुत्ता जो उनके साथ खो गया था, और उस खिड़की से टहलते हुए जैसा कि वे करते थे। इसीलिए हर शाम को धुँधलका होने तक खिड़की खुली रखी जाती है।

बेचारी प्यारी बूआ, उन्होंने अक्सर मुझे बताया है कि वे बाहर कैसे गए थे, वे अपनी बाँह पर सफेद जलरोधी कोट डाले हुए उनके पति, उनका सबसे छोटा भाई रॉनी, ''बर्टी, तुम क्यों कूदती हो?'' गाते हुए, जोकि वह उन्हें चिढ़ाने को सदा करता था, क्योंकि वह कहती थीं कि वह इससे परेशान हो जाती थीं।'' आपको पता है, कभी-कभी ऐसी शान्त, ठहरी हुई शामों को, मुझे एकदम ऐसा लोभहर्षक एहसास होता है कि उस खिड़की से वे सब टहलते आ जाएँगे''—

वह हल्के से काँपते हुए चुप हो गई। जब देरी से उपस्थित होने के लिए अनेकों बार क्षमा माँगते हुए बूआ कमरे में भीतर आईं तो फ्रैम्टन को राहत मिली।

''उम्मीद करती हूँ कि वेश आपका मनोरंजन कर रही थी?'' वह बोलीं।

''वह बहुत रोचक रही है।'' फ्रैम्टन बोले।

''उम्मीद करती हूँ आप खुली खिड़की का बुरा नहीं मानेंगे,'' मिसेज सैपलटन जल्दी से बोली, ''मेरे पति और भाई शिकार से सीधे घर आएँगे और वे सदा इसी रास्ते से भीतर आते हैं। आज वे दलदल में चाहा पक्षी का शिकार करने गए हैं, इसलिए मेरे बेचारे कालीनों को गंदा कर देंगे। मर्दों की तरह है, है न?''

वह प्रसन्नतापूर्वक बोलती ही जा रही थीं। फ्रैम्टन के लिए यह पूरी तरह से भयानक था। उसने बातचीत को कम भयानक विषय पर ले जाने का अथक प्रयास किया किन्तु आंशिक रूप से ही सफल रहा। उसे इस बात का असहास था कि उसकी मेजबान उसे अपने ध्यान का छोटा सा ही भाग दे रही थी और उनकी आँखें उसके पास से होती हुई खुली खिड़की व उसके आगे लॉन पर जा रही थी। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण संयोग ही था कि उसे इस त्रासदीपूर्ण वर्षगाँठ के दिन ही यहाँ आना था।

''मुझे पूर्ण आराम करने, मानसिक उत्तेजना कि अनुपस्थिति तथा किसी भी प्रकार के हिंसक शारीरिक व्यायाम की प्रकृति से दूर रहने से डॉक्टर सहमत हैं,'' फ्रैम्टन ने बताया, जो इस बात के भ्रम में था कि पूरी तरह से अजनबी व किस्मत से मिले परिचित किसी के रोग, उसके कारण व इलाज में रूचि रखते हैं। ''हालांकि भोजन के मामले में वे सहमत नहीं हैं,'' वह बोलता रहा।

''नहीं?'' मिसेज सैपलटन बोली, ऐसी आवाज में जिसने अंतिम क्षण में जम्हाई का स्थान ले लिया। तभी वह चहक कर ध्यान की मुद्रा में आ गई, फ्रैम्प्टन की बातों पर नहीं।

''आखिरकार, वे आ ही गए!'' वह चिल्लाई। ''ठीक चाय के समय, और वे आँखों तक कीचड़ से पुते दिखते हैं।'' फ्रैम्प्टन हल्का सा काँपा और सहानुभूतिपूर्ण समझ वाली नजरों से भतीजी की ओर देखा। वह बालिका खुली खिड़की से बाहर की ओर आँखों में दशहत के भाव लिए देख रही थी। एक अंजाने भय के डरावने झटके से फ्रैम्प्टन अपनी कुर्सी पर घूमा और उसी दिशा में देखा।

गहराते धुँधलके में तीन आकृतियाँ लॉन के पार खिड़की की ओर बढ़ रही थी; उन तीनों के हाथों में शिकारी राइफलें थीं और एक के कंधों पर सफेद कोट का अतिरिक्त भार था। उनके पैरों के पास एक थका हुआ छोटा कुत्ता भी था। वे बिना किसी शोर के घर के पास आ गए और तभी धुँधलके में से एक खुरदुरी युवा आवाज गाने लगी : ''मैं कहता हूँ, बर्टी, तुम कूदती क्यों हो?''

फ्रैम्प्टन ने लपक कर अपनी बेंत व टोपी उठाए; और उसकी भागमभाग में हॉल का दरवाजा, गलियारा व बाहर के गेट पर हल्का सा ही ध्यान गया। सामने की दिशा से आता एक साइकिल सवार, उससे होने वाली निश्चित टक्कर से बचने के लिए, झाड़ियों में जा गिरा।

''हम आ गए, मेरी प्रिये,'' सफेद जलरोधी कोट को उठाने वाले ने खिड़की से भीतर आते हुए कहा, ''कीचड़ में अटे हैं, किन्तु यह अधिकांश सूखा है। वह कौन था जो हमारे आते समय तेजी से भाग निकला?''

''एक बहुत ही असाधारण व्यक्ति, मि० नटल थे,'' मिसेज सैपलटन बोलीं, ''केवल अपने रोग के बारे में ही बात कर पा रहे थे, और आपके आने पर बिना किसी मॉफी अथवा गुडबाय के भाग गए।'' कोई सोचेगा जैसे उन्होंने भूत देख लिया हो।''

''मुझे लगता है कि वह छोटा कुत्ता था!'' भतीजी गंभीरता से बोली, ''उसने मुझे बताया कि उसे कुत्तों से भयानक लगता है। उसे एक बार गंगा नदी के किनारे एक शमशान में कुत्तों के झुंड ने घेर लिया था, और उसे एक ताजी खुदी कब्र में पूरी रात बितानी पड़ी थी जहाँ यह जानवर उसके ऊपर मुँह से झाग निकालते, उसके ऊपर गुर्राते, भौंकते रहे। ऐसे तो कोई भी पागल हो जाएगा।'' थोड़े से समय में रोमांचक कहानी बनाना उसकी विशेषता थी।

## Creative Exercise

### TEXTUAL STUDY

**A. Answer the following questions :**

1. The very self-possessed young lady of fifteen was Vera, the niece of Mrs. Sappleton.
2. Mrs. Sappleton's husband and her two brothers had gone for shooling.
3. Mrs. Sappleton was giving Mr. Nuttel only a fraction of her attention while he was talking to her. This was because she was constantly looking towards the open window and the lawn beyond and waiting for her husband and two brothers to come home.

4. The three figures who walked in through the window were Mrs. Sappleton's husband and her two brothers.
5. At the sight of the three figures, Mr. Nuttel ran away as he thought that they were ghosts.
6. For Mr. Nuttel's hasty exit, Vera said that was becuase of the spaniel. She said that he had told her about his horror of dogs because he had once been hunted into a cemetry by a pack of stray dogs and had to spend a might in a newly-dug grave with snarling, grinning and foaming creatures just above him. From that day onwards, he had lost his nerve.
7. The letters of introduction to Framton were given by his sister.
8. The reason for Mr. Nuttel moving to countryside was his wish to escape the hustle and bustle of city life. He wished to move to a village for some rest and quiet.

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (d) **2.** (c) **3.** (c) **4.** (c)

**C. Write True or False :**

**1.** True **2.** True **3.** False **4.** True **5.** False

**D. Match the following words :**

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | Self-possessed | to feel sorry |
| **2.** | rural | soft |
| **3.** | regret | hasty and reckless |
| **4.** | masculine | calm and confident |
| **5.** | bog | village |
| **6.** | headlong | connected with man |

## Comprehensive Exercise

### GRAMMAR SKILL


**A. Underline the predicates in the following sentences :**

1. Robinson Crusoe lived alone on an island for many years.
2. The buffaloes were herded into the yard.
3. Sunflowers bloom in summer.
4. All the water in the vase has evaporated.
5. The brave fireman rescued the children from the burning house.
6. The pyramids of ancient kings are in Egypt.
7. Kangaroos and wallabies are found in Australia.
8. The lions and lionesses played with the cubs.
9. The guards of the palace would not let the stranger in.
10. The dog chased the cat in the street.
11. Tom is whitewashing the wall of the garden.
12. The girl in the red dress is waiting for her borther.
13. Our music teacher teaches us different tunes.
14. The book with the blue cover was my father's gift to me.

**C.** Once a donkey found a lion's skin. He thought that if he **wore** the lion's skin, the animals **would** think that he was a **lion** . So he **wore** the skin. When animals **saw** him, they were **scared** . The donkey was so **happy** that he **could** not keep quiet. He began to **bray** loudly. When the **animals** heard it, they ran **down to** him and **beat** him nicely.

**WORD PLAY**

**E.** **Solve the crossword puzzle using the given clues. All the words are from the story :**




**ACROSS (→)**

2. to touch gently to show affection
5. shabby and torn
8. similar to rumour
10. gave a quick, sharp reply

**DOWN (↓)**

1. say something suddenly without thinking carefully
3. looked at something for a long time
4. anxious
6. stories that may not be true
7. speak angrily because you disagree
9. walk quickly up and down because you are nervous

**Now fill in the blanks with words from the puzzle. Use the correct form of the words :**

(a) The mother **caressed** her baby's cheek.
(b) His **tattered** clothes made them think he was a beggar.
(c) I was **nervous** because I had not prepared for the test.
(d) My brother and I don't get on. We **argue** all the time.

(e) 'When are you going to Paris?' he asked. 'Why do you want to know?' she ............... .
(f) She **blurted** out the news before we could stop her.
(g) There are **rumours** that she is going to marry a millionaire.
(h) He **paced** anxiously up and down waiting for news of his wife's operation.
(i) The film magazines are full of **rumours** about those two actors.
(j) The students **stared** at the teacher in amazement when she announced a surprise test.

**F. Do it yourself.**

## Don't be Afraid of the Dark

### हिन्दी अनुवाद

यह पिता और पुत्र के बंधन के बारे में सुंदर कविता है। पिता अपने पुत्र को निडर देखना चाहता है। वह उसे अँधेरे से न डरने के लिए प्रोत्साहित करता है। कविता पढ़िए और इसका आनंद लीजिए।

अँधेरे से मत डरना, छोटे बालक
दिन पूरा हो जाने पर पृथ्वी को आराम है करना
सूर्य कठोर हो सकता, किन्तु चंद्रमा की किरणें कभी नहीं!
ये सारे तारे चमकेंगे सदा यूँ ही।
रात्रि के मित्र बनो, डरने की कोई बात नहीं
अपने विचारों को दूर और पास के मित्रों के पास जाने तो दो सही,
दिन में ऐसा लगता है मानो हमारी समस्याएँ समाप्त होंगी नहीं,
किन्तु रात्रि में, देर रात्रि में, पृथ्वी पर शान्ति हो रही।

## Comprehensive Exercise

**TEXTUAL STUDY**

**A. Answer the following questions :**

**1.** The poet (the father) is the speaker in the poem.
**2.** The poet's son is the listener in the poem.
**3.** The speaker asks the listener to think of friends at night so that he does not feel lonely and alone.
**4.** The 'lack of light all around' or 'the night' is being referred to as 'dark'.
**5.** The sun and the moon are different as the sunlight may be harsh at times but the moon light is never harsh and is cool all the time.
**6.** When it is evening or night, the earth rests because after the hustle and bustle of the day, everyone goes to rest and sleep.

7. The stars shine forever and ever but we can't see them during the day because of bright sunlight.

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (c) **2.** (c) **3.** (a) **4.** (a)

**VOCABULARY SKILL**

**C. Find out the rhyming words from the poem :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| one | **done** | never | **ever** |
| fear | **near** | cease | **peace** |

**D. Do it yourself.**

# 3. The Most Precious Jewel

## हिन्दी अनुवाद

### तैयार हो जाइए

हम सबके जीवन में अनेक कीमती वस्तुएँ अथवा विचार होते हैं। यह जीवन के सिद्धान्त होते हैं। हमें सिद्धान्तों को मानना चाहिए। माता-पिता, शिक्षाएँ जीवन में अनमोल रत्न के समान होती हैं।

जीवन में सबसे बहुमूल्य रत्न कौन-सा है? प्रत्येक को अंक (1-9) दीजिए।

**अध्यापक के लिए**—छात्रों को पारिवारिक मूल्यों, जीवन में सिद्धान्तों आदि के कुछ उदाहरण बताइए। इन्हें छात्रों को असाइनमेंट अथवा किसी प्रोजेक्ट कार्य के रूप में दिया जा सकता है।

यह कहानी एक वृद्ध व्यक्ति के बारे में है जो भीड़ से दूर रहता था। उसने अपनी सारी सांसारिक संपत्ति त्याग दी थी। उसकी धार्मिकता और सादगी ने एक किसान का हृदय जीत लिया।

बहुत पहले, किसी समय, एक पहाड़ी पर एक वृद्ध रहते थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन आध्यात्म को समर्पित कर दिया था। उन्होंने अपनी सारी सांसारिक संपत्ति त्याग दी थी। प्रत्येक सुबह वे पूर्व की ओर मुँह करके उठते। सूर्य को उदय होते देख वे अपनी प्रार्थनाएँ कहते। वे दूसरों से दूर, एक साधारण जीवन, एक शान्त जीवन व्यतीत कर रहे थे।

किन्तु पर्वत के नीचे बसे गाँव में लोग वृद्ध व्यक्ति के बारे में फुसफुसाते। बेकार की बातें फैलती हैं, जैसे कि उनकी प्रवृत्ति है और जैसे-जैसे वर्ष बीतते गए, अफवाहें चारों ओर फैल गईं। लोग बोलते कि वृद्ध व्यक्ति धार्मिक नहीं है, बल्कि, वे कहते, वे एक धनी व्यक्ति हैं जो अपनी संपत्ति को उनसे बचाने के लिए, जो इसे चुराने की इच्छा रखते हैं, पहाड़ी पर जाकर रहने लगे हैं।

'किन्तु वे कोई पैसा खर्च नहीं करते,' कुछ ने बोला।

'नहीं, किन्तु एक दिन वे करेंगे,' दूसरों ने जवाब दिया।

'अगर वे अमीर हैं तो इतना सादा जीवन क्यों व्यतीत कर रहे हैं?' कुछ अन्य ने पूछा।

जब कोई अन्य यह पूछता तो गप करने वाले अपने कंधे उचका देते। ''वह वृद्ध व्यक्ति को जानना है, और एक दिन हम उनका रहस्य जान ही लेंगे।''

एक रात एक गरीब किसान सो गया और उसने सपना देखा। अपने सपने में उसने एक शानदार माणिक देखा—सूर्योदय जितनी चमकदार और लगभग उनके सिर के बराबर। और अपने सपने में उसने देखा कि यह माणिक पहाड़ी के ऊपर रहने वाले वृद्ध व्यक्ति का है।

जब किसान जागा, उसने निर्णय लिया कि उसे वो माणिक चाहिए। वह इतनी सुंदर थी, और अगर वह उस वृद्ध व्यक्ति से उसे देने को कहे, वह सहमत हो जाएँगे। किसान इतना बेताब हो गया कि अगले दिन सवेरे ही, गाँव में किसी अन्य के जागने से बहुत पहले, उसने पर्वत की चोटी की चढ़ाई आरंभ कर दी।

उस सवेरे, जब वह वृद्ध जागे, वे अपनी प्रार्थना करने लगे कि अचानक उन्हें अपने पीछे पदचाप सुनाई दी।

वह मुड़े और किसान को पहाड़ी के ऊपर आते देखा और इसलिए वृद्ध व्यक्ति ने उसका अभिवादन किया। ''आपका दिन शुभ हो। पहाड़ी के ऊपर आपका स्वागत है। शायद आप मेरे साथ प्रार्थना करना चाहेंगे?''

किसान बहुत बेचैन हो रहा था किन्तु वह प्रार्थना नहीं करना चाहता था। वह अपने सपने की उस सुदंर माणिक से ध्यान नहीं हटा पा रहा था, अत: बिना सोचे, उसने बोल दिया, ''नहीं, मैं माणिक के लिए आया हूँ। मैंने उसे अपने सपनों में देखा। क्या आपके पास एक माणिक है जो आप मुझे दे दें?''

बिना एक शब्द, उस वृद्ध व्यक्ति ने लंबी घास के ढेर की ओर हाथ बढ़ाया और उसके मध्य से एक माणिक उठा लिया। उसने उस रत्न को किसान को दे दिया। ''यह रही। इसे मेरे आशीर्वाद के साथ ले जाओ।''

किसान को अपनी आँखों पर विश्वास न हुआ। माणिक वास्तव में, पूर्व में उगते सूर्य के समान चमकीली थी और वह उसके सिर के बराबर ही चमकीली थी। उसने उसे अपने हाथों में पकड़ा, गौर से देखा और फिर वृद्ध व्यक्ति को ध्यान से देखा। ''आप बहुत दयालु हैं,'' वह बोला और इससे पहले कि वृद्ध व्यक्ति अपना मन बदल पाए, वह तेजी से पहाड़ी से नीचे उतर गया।

अपने फटे वस्त्रों में माणिक को छुपाए, वह तेजी से अपनी झोपड़ी में गया और वहाँ इस शानदार रत्न को अपनी छोटी मेज पर रखा। वह उसे आश्चर्य से घूरता रहा। उसने उसे इधर-उधर घुमाया। उसने उसे छुआ, सहलाया और उसकी ठंडी सतह को चूमा।

''मैं जग में सबसे भाग्यशाली व्यक्ति हूँ,'' वह बोला और पूरे दिन वह ऐसे ही बैठा रहा।

उसने भोजन नहीं किया। वह टहला और घूरता रहा और कल्पना करता रहा कि अब क्या होगा। कल वह इस माणिक को सबसे पास के नगर ले जाएगा, वहाँ इसे सबसे ऊँचे दामों पर बेच देगा। या नहीं, उसने सोचा। शायद उसे इस माणिक को रखना चाहिए, उसे किसी सुरक्षित स्थान पर छुपा देना चाहिए, उस दिन तक जब उसे स्वयं को भूख से बचाने के लिए आवश्यकता हो। या नहीं, उसने फिर से सोचा, वह उसे नगर ले जाकर रत्न काटने वाले को देगा जो इसे अनेक टुकड़ों में काट देगा। वह एक या दो, अथवा दस माणिक बेच देगा और बचे हुओं को किसी अन्य दिन के लिए रख देगा। किन्तु क्या हो अगर रत्न काटने वाला दूसरों को उसके माणिक के बारे में बता दे? तब वह कभी सुरक्षित नहीं रहेगा। तब शायद, इस सब

के पश्चात, उसे अपना धन साझा करना चाहिए, किन्तु उसने किसी को एक बार भी अपने रत्न के बारे में बताया, तो चोर उसकी झोपड़ी में ही घुस जाएँ।

पूरी रात, वह किसान माणिक को घूरता रहा और वह पहाड़ी पर उस वृद्ध व्यक्ति के बारे में सोचने लगा, उस क्षण में जब उन्होंने घास में हाथ बढ़ाकर माणिक को उठाया था। उसने उस व्यक्ति के साधारण जीवन के बारे में सोचा—उनके वस्त्र, उनकी निष्ठा, उनकी शान्त मुस्कान।

इस प्रकार एक बार फिर, भोर से पहले, वह पहाड़ पर चढ़ने लगा। इस बार वह माणिक को ले जा रहा था। और जैसे सूर्य उदय होने लगा, वह वृद्ध व्यक्ति जागा और अपनी प्रार्थना पूरी करने के लिए वह पूर्व की ओर घूमा, किन्तु एक बार फिर से अपने पीछे उसने पदचाप सुनी, और घूमा तो किसान को वहाँ खड़े पाया।

''सुप्रभात,'' हल्का सा झुकते हुए वह वृद्ध व्यक्ति बोला।

किसान ने वृद्ध व्यक्ति को उसकी माणिक दी। ''इसे रखने की मेरी इच्छा नहीं है,'' वह बोला। ''किन्तु मेरा एक निवेदन है।''

वृद्ध व्यक्ति ने सिर हिलाया।

''मेरी इच्छा है कि आप मेरे गुरु बनें। मैं वह जानना चाहता हूँ जो आपको मालूम है। मैं यह जानना चाहता हूँ कि आपने यह माणिक इतनी आसानी से कैसे दे दी।''

वृद्ध व्यक्ति मुस्कराया। ''तुमने पहले ही आरंभ कर दिया है,'' वह बोला।

## Creative Exercise

### TEXTUAL STUDY

**A. Answer the following questions :**

1. The old man lived alone on the hillside because he had dedicated his whole life towards spirituality and given up all his worldly possessions.
2. The old man's way of life upset the villagers because they gossiped that he was not holy but a wealthy man who had moved to the hillside to hide his wealth from those who might wish to steal it.
3. About the old man, they spread rumours that he was a wealthy man who had moved to the hillside to hide his wealth from those who might wish to steal it.
4. The first time the peasant went to see the old man was to ask for the ruby. The second time, he went to return it.
5. At first, the peasant thought himself to be lucky because the old man gave him ruby willingly and with his blessings.
6. The ruby changed the peasant's life for the worse. He became a worried man, thinking throughout the day, different ways to keep the ruby safe.
7. When the peasant worried throughout the might about the safety of the ruby, he thought about the old man's simple life-

his robes, his devotion and his quiet smile. All this made him go back to the old man on the hill.

**8.** The lesson that the peasant had already learnt was how to give his wealth away.

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (a) **2.** (b) **3.** (c) **4.** (d)
**5.** (a)

**C. Write True or False :**

**1.** True **2.** False **3.** False **4.** True
**5.** True

**VOCABULARY SKILL**

**D. Match the following words :**

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | spirituality | → concerned with religion |
| **2.** | tattered | → old and torn |
| **3.** | rumours | → gossip |
| **4.** | peasant | → farmer |
| **5.** | holy | → spiritual |

**E. Add able or ible to form meaningful words :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ed | **edible** | access | **accessible** |
| vis | **visible** | eat | **eatable** |
| vi | **viable** | divis | **divisible** |
| break | **breakable** | end | **endable** |
| li | **liable** | | |

## Comprehensive Exercise

**GRAMMAR SKILL**

**A. Change the following as directed :**

**from Masculine to Feminine Gender**

| | |
|---|---|
| hostess | cow |
| poetess | hen |
| princess | lady |
| empress | mare |
| heroine | queen |
| landlady | niece |
| grandmother | aunt |

**from Feminine to Masculine Gender**

| | |
|---|---|
| Actor | husband |
| prince | king |
| mister | sir |
| horse | uncle |
| bullock | cock |
| grandfather | brother |
| washerman | father |

**B. Fill in the following blanks with proper words given in the brackets :**

**1.** girl **2.** wife **3.** uncle **4.** soon
**5.** queen **6.** lady **7.** sister **8.** body
**9.** shepherdess **10.** mother

**C., D, E, F. Do ti yourself.**

## Improvement Activities-1

**(Lessons 1, 2, 3)**

**A. Answer the following questions :**

1. Bill did not have to pay rent for his house because he had already bought it on instalments.
2. The very self-possessed young lady of fifteen was Vera, the niece of Mrs. Sappleton.
3. For Mr. Nuttel's hasty exit, Vera said that was becuase of the spaniel. She said that he had told her about his horror of dogs because he had once been hunted into a cemetry by a pack of stray dogs and had to spend a might in a newly-dug grave with snarling, grinning and foaming creatures just above him. From that day onwards, he had lost his nerve.
4. The poet (the father) is the speaker in the poem.
5. About the old man, they spread rumours that he was a wealthy man who had moved to the hillside to hide his wealth from those who might wish to steal it.

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (d) **2.** (d) **3.** (d) **4.** (c)
**5.** (a)

**C. Write True or False :**

**1.** False **2.** False **3.** False **4.** False
**5.** False

**D. Match the following words :**

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | dollar | concerned with religion |
| **2.** | quarterly | farmer |
| **3.** | rural | American currency |
| **4.** | spirituality | every three months |
| **5.** | pleasant | village |

**F. Fill in the following blanks with proper words given in the brackets :**

**1.** girl **2.** shepherdess **3.** mother **4.** queen
**5.** boy

## हिन्दी अनुवाद

## तैयार हो जाइए

महान आविष्कारक थॉमस एडीसन फोटोग्राफ, आधुनिक लाइट बल्ब, विद्युत ग्रिड व मोशन पिक्चर जैसे ऐतिहासिक आविष्कारों के पिता थे। आइए उनके महानतम आविष्कारों पर नजर डालते हैं।

11 फरवरी, 1847 को 173 वर्ष पूर्व जन्मे एडीसन एक अविश्वसनीय रूप से सफल आविष्कारक, वैज्ञानिक व व्यवसायी थे जिन्होंने अपने जीवनकाल में 1093 पेटैंट एकत्रित करे।

**टेलीग्राफ**—टेलीग्राफ को उन्नत करने के प्रयास में एडीसन ने स्वचालित टेलीग्राफ बनाया जिसमें ग्रहण करने वाले स्थान पर किसी को भी संदेश टैप करने की आवश्यकता न थी। इससे प्रति मिनट प्रति शब्दों की संख्या 25-40 से बढ़कर 1000 हो गई।

**इलेक्ट्रॉनिक वोट रिकॉर्डर**—एडीसन के पहले पेटैंट के रूप में, इस युक्ति ने वोटरों को अपना वोट लिखने के स्थान 'हाँ' अथवा 'नहीं' का स्विच दबाने की सुविधा प्रदान की।

**इलेक्ट्रिक पैन**—इससे पूर्ववर्ती पर्फोरैटिड पैन आया था जो टेलीग्राफ में छिद्र करता था। इसकी तुलना में यह पैन कागज पर स्याही को दबाकर नकल बनाता था।

**इलेक्ट्रिक बल्ब**—एडीसन के कार्बन फिलामेण्ट लाइट बल्ब ने पहला व्यवसायिक व्यवहार्य इलेक्ट्रिक लाइट पेश की। इससे पहले के संस्करण प्लैटिनम जैसे महँगे पदार्थ उपयोग करते तथा इसके स्थायित्व के सामने नहीं ठहरते थे।

**अध्यापक के लिए**—छात्रों को उन उपयोगी आविष्कारों के बारे में बताइए जिन्होंने जग को प्रसन्न व आरामदायक बनाया। इसे प्रोजेक्ट के रूप में भी दिया जा सकता है।

यह महान वैज्ञानिक थॉमस एडीसन की संक्षिप्त जीवनी है जिन्होंने अनेक आविष्कार बनाए जिनमें इलेक्ट्रिक बल्ब, ग्रामोफोन तथा कई और आते हैं। उनके बचपन की कहानियाँ पढ़िए।

आधुनिक जगत की प्रगति वैज्ञानिकों पर आधारित है। हमारा इतिहास विज्ञानियों से भरी हैं, जिनमें से कुछ उच्च प्रतिष्ठित तो कुछ कम प्रतिष्ठित हैं। एडीसन उच्च प्रतिष्ठित विज्ञानियों में से एक हैं। जब भी हम रात को पढ़ना चाहते हैं, तो हम एक बोर्ड पर एक स्विच दबाते हैं और एक इलेक्ट्रिक बल्ब अथवा ट्यूब हमें प्रकाश देता है। हमें यह प्रकाश किसने दिया? यह एडीसन ही थे जिन्होंने इस अँधेरे जग को हर ओर प्रकाश से चमकते जग में बदल दिया।

यह उनके बचपन की कहानी है जो हमें वस्तुओं को जानने की उत्सुकता के बारे में बताती है। एक दिन बालक एडीसन स्कूल में थे। उनकी शिक्षिका कक्षा को पक्षियों के बारे में एक कहानी बता रही थीं। एडीसन खड़े हुए और शिक्षका से पूछा, "मैम, मानव पक्षी की तरह क्यों नहीं उड़ सकता?"

"क्योंकि मानव के पक्षियों के समान पंख नहीं होते," शिक्षिका ने उत्तर दिया।

बालक ने एक क्षण को सोचा और उनसे फिर पूछा, "किन्तु पतंगों के पंख नहीं होते और फिर भी हम उन्हें आकाश में उड़ा सकते हैं।"

छात्र हँसने लगे और कक्षा हँसी के शोर से भर गई। इस पर शिक्षिका नाराज हो गई और धैर्य खो बैठी। उन्होंने सोचा कि लड़का मूर्ख और शैतान है। इसलिए उन्होंने उसके माता-पिता को उसे स्कूल से निकाल ले जाने को कहा। उसके माता-पिता उसे घर ले गए किन्तु वे अच्छी तरह जानते थे कि वह मूर्ख लड़का नहीं था। यह घटना तब घटी जब एडीसन केवल आठ वर्ष के थे।

अब उनके बचपन की एक और घटना। एक सुबह वह एक पक्षी को देख रहे थे। वह उड़कर भूमि पर उतरा, अपनी चोंच में कुछ कीड़े उठाए और उड़ गया। इसने बालक एडीसन को एक विचार दिया। ''यह पक्षी उड़ने में इसलिए सक्षम है क्योंकि वह कीड़े खाता है! मानव भी उड़ सकता है अगर वह कीड़े खाए!'' उन्होंने स्वयं से कहा। वह इस प्रयोग को किसी पर करना चाहते थे। उन्होंने कुछ कीड़े पकड़े, पीट कर उनकी लुगदी बनाई तथा जल में मिला दिया। वह इस जल को एक नौकरानी के पास ले गए और उससे बोले, ''यह एक चमत्कारी मिश्रण है। अगर तुम इसे पी लो तो पक्षी के समान उड़ सकती हो! इसे पीकर देखो!''

उस बेचारी लड़की ने उस पर विश्वास करके इस मिश्रण को पी लिया। वह उड़ी तो नहीं किन्तु बीमार अवश्य हो गई। एडीसन की माँ ने उसे ऐसे मूर्खतापूर्ण प्रयोग न करने की चेतावनी दी।

वास्तव में एडीसन बहुत मजेदार बालक था। यद्यपि वह अपने मूर्खतापूर्ण प्रयोगों में असफल रहा, फिर भी उसने उनसे सीखा कि उसके विचार गलत थे। वह पुस्तकों का शौकीन था और अधिक पुस्तकों को पढ़ता था। उसके पिता उसके द्वारा पढ़ी गई प्रत्येक पुस्तक के लिए पच्चीस सैंट देते थे। वह बहुत पढ़ता था और दिए गए जेब खर्च से उसने और पुस्तकें खरीदीं और एक छोटी प्रयोगशाला स्थापित की। उनकी माँ उन्हें प्रोत्साहित करती और उनके प्रयोगों में सहायता करती। वह उसके सारे प्रश्नों के उत्तर देने के लिए पर्याप्त धैर्यवान थीं। अपनी माँ की सहायता व मार्गदर्शन से उन्होंने अच्छी प्रगति की। वह वस्तुओं का बहुत करीब से अवलोकन करते तथा अनेक प्रयोग करते।

अब अपनी आगे की पढ़ाई करने के लिए एडीसन को पैसों की आवश्यकता थी। वह कुछ पुस्तकें खरीदना चाहते थे। वह बाहर निकलना चाहते और नए स्थान व नए लोग देखना चाहते। इसलिए उन्होंने रेलवे में नौकरी करने की सोची। वह बहुत मुश्किलों के बाद ही अपने माता-पिता से अनुमति ले पाए। वह समाचारपत्र बेचने वाले बन गए और डेट्रॉयट तक रेलगाड़ी में ऊपर-नीचे होते रहते। वह समाचारपत्र, मिठाइयाँ व फल बेचते तथा पहले दिन दो डॉलर कमाए। उस रात भोजन पर उन्होंने माँ से कहा, ''यह डॉलर लीजिए, माँ। मैं जो कमाऊँगा, उसमें से एक डॉलर आपको दूँगा।'' और उन्होंने अपना वादा निभाया।

एक दो वर्ष पश्चात एडीसन ने अपने समाचारपत्र का प्रकाश करने का सोचा। उन्होंने एक पुरानी प्रिंटिंग प्रेस खरीदी और उसे अपने रेलवे वैगन में लगा दिया। वह अपना पत्र संपादित करते व छापते, अनेक संख्या में उसे बेचते और अधिक धन बनाया। उससे मिलने वाले पैसे से उन्होंने अपने रेलवे वैगन में प्रयोगशाला लगा ली।

जब वह पंद्रह के थे तो उनके साथ एक दुर्घटना हुई जिसने उनके व्यवसाय पर प्रभाव डाला। जब वह अपनी प्रयोगशाला में एक प्रयोग कर रहे थे, रेलगाड़ी एक कोने पर मुड़ी। अचानक एक झटका लगा और थोड़ा सा फॉस्फोरस डिब्बे के फर्श पर गिरा और उसमें आग लग गई।

इससे पहले कि वह उसे बुझा पाते, समाचारपत्रों ने आग पकड़ ली। यह आग फैल गई और एडीसन सहायता के लिए चिल्लाए। गार्ड भीतर आया और उन दोनों ने मिलकर आग बुझा दी किन्तु यह एडीसन की रेलवे में नौकरी का अंत था। उनको अगले स्टेशन पर नौकरी से हटा दिया गया।

लगभग दस वर्षों तक पढ़ाई व विभिन्न नौकरी करने के पश्चात् एडीसन ने आविष्कारों की एक श्रृंखला बनाई। एक आविष्कार के पीछे दूसरा तेजी से आया और एडीसन ने और धन और ख्याति कमाए। 1877 में वे एक यंत्र पर काम कर रहे थे जो मानव की आवाज को हू-बहू उत्पन्न कर सकती। तब उसे बोलती मशीन कहा जाता था। आज हम उसे ग्रामोफोन कहते हैं। उसी वर्ष उन्हें वॉशिंगटन में व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया गया। यह उस घर का नाम है जहाँ संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति रहते हैं। एडीसन वहाँ राष्ट्रपति को अपनी नई मशीन दिखाने गए थे। इसने उन्हें पूरे अमेरिका में प्रसिद्ध कर दिया। अब वह सफल व समृद्ध थे। इस सबके लिए वे अपनी माँ की सहायता व प्रोत्साहन तथा स्वयं के कड़े परिश्रम के आभारी थे।

मार्च 1878 में उन्होंने इलेक्ट्रिक लैंप पर कार्य प्रारम्भ कर दिया। उन दिनों लोग मोमबत्तियों व तेल के लैंपों का उपयोग करते थे। उनके पास विद्युत लाइटें नहीं थीं। एडीसन ने उन्हें दो वर्ष में इलेक्ट्रिक लाइट देने का वायदा किया। जब उन्होंने यह कहा तो सारे विज्ञानी उन पर हँसे। वे बोले कि यह संभव नहीं है किन्तु एडीसन तनिक भी चिन्तित न थे। उन्होंने कड़े से कड़ा परिश्रम किया। उन्होंने एक हजार प्रयोग किए, मगर सारे असफल रहे। किन्तु उन्होंने उम्मीद नहीं छोड़ी ''मुझे लोगों से किया गया वायदा पूरा करना है,'' उन्होंने स्वयं से कहा तथा और कड़ा परिश्रम किया। आखिरकार एक हजार दो सौ प्रयोग करने के पश्चात् वे एक इलेक्ट्रिक बल्ब बनाने में सफल हुए। 1880 में नव वर्ष के दिन, वह और उनके कर्मचारियों ने प्रयोगशाला में इलेक्ट्रिक लाइटें लगाईं। पूरे अमेरिका से लोग उसे महान दृश्य को देखने आए। एडीसन ने लोगों से किया गया अपना वायदा पूरा किया। 4 सितंबर 1882 को लोगों ने पहली बार न्यूयॉर्क को इलेक्ट्रिक लाइटों की चमक में चमचमाते देखा। एडीसन ने प्रथम विश्वयुद्ध (1914-18) में अपने देश की सेवा की। उन्होंने पैंतालीस युद्ध के समय के आविष्कार बनाए और उनकी सेवाओं के लिए मैडल प्रदान किया गया। 1929 में इलेक्ट्रिक बल्ब के आविष्कार की रजत जयंती भव्य तरीके से मनाई गई। संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति ने एक बड़े समारोह में उनका स्वागत व उन्हें सम्मानित किया। राष्ट्रपति को धन्यवाद देने के लिए एडीसन उठे किन्तु वे एकदम से बीमार हो गए। उनकी बीमारी बिगड़ती गई और 18 अक्टूबर 1931 को रविवार की सुबह उनका देहान्त हो गया। इस प्रकार एक मानव, जिसने मानव जीवन को प्रसन्नता से समृद्ध किया, की महान व विख्यात जीवन का अंत हुआ। उन्होंने एक बार कहा था, ''मैं कभी भी ऐसी वस्तु का आविष्कार नहीं करूँगा जो जीवन को नष्ट करे। मैं लोगों को प्रसन्न करना चाहता हूँ। ''उन्होंने यह भी कहा था,'' जग बहुत लंबे समय तक अँधेरे में रहा है। मैं इस जग को और अधिक हँसी और अधिक प्रकाश देना चाहता हूँ।'' उन्होंने अपना वायदा निभाया। उनके ग्रामोफोन ने हमें अधिक हँसी पहुँचाई है और उनके इलैक्ट्रिक लाइट ने हमें और प्रकाश दिया है। हम इस महान विज्ञानी के ऋणी हैं और रहेंगे। विश्व को ऐसे विज्ञानियों की आवश्यकता है जो लोगों को प्रसन्नता, आराम, समृद्धि व सुरक्षा प्रदान कर सकें। विज्ञानियों के आविष्कार लोगों की भलाई के लिए होने चाहिए न कि तबाही के लिए।

## Creative Exercise

**TEXTUAL STUDY**

**A. Answer the following questions :**

**1.** We know that Edison was eager to know things. This is shown by the story where Edison wanted to know from his teacher as to why a man could not fly.

**2.** The students in the class laughed because Edison told the teacher about kites flying without wings. On this, the teacher thought that either the boy was making fun of her or plain stupid.

**3.** The teacher thought Edison to be stupid because she could not answer the questions asked by him.

No, his parents did not think him to be stupid. They took him home, otherwise he would have been expelled from the school.

**4.** When Edison saw a bird picking up worms in its beak, he thought that the bird is able to fly because it eats warms.

He prepared a mixture of warms' pulp and water. Asking the young servant girl to drink the mixture, he told her that if she drank it, she would be able to fly like a bird. Believing him, the young girl drank it and fell ill.

**5.** Edison's mother was the best teacher to him because she helped and encouraged him and was patient enough to answer all his questions.

**6.** Edison invented many things including the gramophone and the electric bulb.

**7.** Edison succeeded in inventing the electric light after performing around one thousand and two hundred failed experiments.

**8.** Edison made the world happy by giving it the gramophone, which has brought more laughter, and electric lamp, which has brought more light.

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (c) **2.** (a) **3.** (a) **4.** (b)

**C. Write True or False :**

**1.** True **2.** False **3.** False **4.** True **5.** True

**D. Complete each of the following statements as you have read in the text :**

1. Edison told his teacher, "But the kites have no wings and still we can fly them in the sky." It was a **serious question**.
2. When Edison tried his experiment on his servant girl, she **fell ill** .
3. Edison's father gave him twenty-five cents for every book he read because **he wanted to gain more and more knowledge** .

4. Electric lights shone for the first time in America in **1880** .
5. The world still needs more scientists **who may bring happiness, comfort, prosperity and security to the people**.

## Comprehensive Exercise

**GRAMMAR SKILL**

**A. Fill in the following blanks with suitable Pronouns :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **1.** which | **2.** that | **3.** which | **4.** who |
| **5.** whom | **6.** what | **7.** when | **8.** whom |
| **9.** who; who | **10.** which | | |

**B. Do it yourself.**

**C.** Thomas Alva Edison was born on "11th February, 1847 in Milan, Ohio. He could not continue his studies in school because his teacher thought that he was foolish who asked silly questions. But he was very keen to learn by understanding different facts. For this purpose, he set up a laboratory in the basement of his father's working place.

His mother was a great help to him as she encouraged and helped him. She patiently answered all his questions and satisfied his queries. With her help, Edison made good progress. He closely observed things and became a great scientist.

Edison's financial condition was weak and could not afford money for books. But he needed money for books and experiments, so he hold newspapers, fruits, candies, etc. in trains to earn some much needed money. He earned a good amount of money. Later, as he needed more money, he published his own newspaper.

Edison did a number of experiments and discoveries. He believed in creation, **and did not wanted to make things** of destruction.

**E. Do it yourself.**

## My Uncle Dan

### हिन्दी अनुवाद

यह एक सुंदर व मजेदार कविता है जो हमें बताती है कि चाचा डैन, एक आविष्कारक, अनेक विचित्र वस्तुओं का आविष्कार करते हैं जिनका हम विश्वास नहीं कर सकते। कविता पढ़िए और इसका मजा लीजिए।

मेरे चाचा डैन एक आविष्कारक हैं, आप सोचते होंगे यह बहुत बढ़िया है।
आप आशा करते थे कि मेरे चाचा के बजाय वे आपके चाचा हों—
अगर वह चाहें तो वो ऐसी घड़ी बनाएँ जो गिरते ही वापस उछल जाए,
वे बोतलों के ढक्कनों व रस्सी से हैलीकॉप्टर बना सकते हैं,
या फिर अन्य उपयोगी वस्तुएँ जो आपको दुकानों में नहीं मिल सकतीं।

किन्तु चाचा डैन के पास अन्य विचार हैं :
अदरक की बीयर के लिए बिना पेंदे के गिलास,
बिना दाँत की आरी जो वृक्षों के लिए सुरक्षित है,
वर्तनी प्रतियोगिता के लिए विशेष शब्द
(जैसे लाइनोसिरांगतैंगेडर)
या रबड़ की सीढ़ी जो ऊपर को मोड़ी जा सके,
वह रहस्यमयी समोसा जो चबाने पर वापस काटे—
मेरे चाचा डैन ने उसका आविष्कार किया है।
मेरे चाचा डैन अपने कमरे में बैठ दिन-रात आविष्कार करते हैं।
उनकी आँखें उनके बालों में से झाँकती है और दाढ़ी जैसे भूसे के ढेर में चूहे।
और क्या वे वह जूते बनाते हैं जो आपके पैरों बिना टहलने चले जाते हों?
एक सिकोड़ने वाले जो हाथियों को मिलते ही सिकोड़ देते हों?
एक काटने वाले जो हवा में से ही माँस काटते हो
जो पका हो और खाने को तैयार हो?
नहीं, नहीं, उनका इरादा कुछ और है—
केवल पूरी तरह बेकार आविष्कार :
बिना शीशे की खिड़कियाँ (वे टूटती नहीं है)
भूकंप को ठीक करने की दवा,
न फैलने देने वाला ऊपर से कसे ढक्कन वाला कप
सीढ़ियाँ जो न ऊपर जाती हो और न नीचे
दरवाजा जो आप केवल दीवार पर पोत देते हैं—
चाचा डैन ने सबका आविष्कार किया है।

## Comprehensive Exercise

### TEXTUAL STUDY

**A. Answer the following questions :**

1. The invention of Uncle Dan which I like the most is the helicopter made of strings and bottle tops.
2. A spelling bee is a competition in which contestants are asked to spell a number of words, usually with a varying degree of difficulty.
3. Uncle Dan can make a helicopter out of a string and bottle tops.
4. A 'den' is a small room in a house where people can pursue activities and work in private.
5. The inventions that the poet calls useless are glassless windows, a medicine to cure the earthquake, unspillable screwed-down cup, the stairs that go neither down more up, and the door that you simply paint on a wall.

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (c) **2.** (a) **3.** (c) **4.** (c)

**VOCABULARY SKILL**

**C. Find out the rhyming words from the poem :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| fine | **mine** | drops | **tops** |
| tree | **bee** | day | **hay** |
| feet | **meet** | break | **earthquake** |
| cup | **up** | wall | **all** |

**D. Do it yourself.**

**E. Do it yourself.**

# 5. Swami and Friends

### हिन्दी अनुवाद

### तैयार हो जाइए

आर० के० नारायण अंग्रेजी में सबसे अच्छे भारतीय लेखकों में से एक हैं। अपने साठ वर्ष के ऊपर के पेशे में, नारायण ने अनेकों पुरस्कार व सम्मान प्राप्त किए जिनमें रॉयल सोसाइटी ऑफ लिटरेचर का ए० सी० बेंसन मैडल, भारत सरकार द्वारा दिए जाने वाले द्वितीय व तृतीय सर्वोच्च नागरिक, सम्मान, पद्म भूषण व पद्म विभूषण शामिल हैं। आइए उनकी कुछ लोकप्रिय पुस्तकों के बारे में जानते हैं।

| | |
|---|---|
| स्वामी और मित्र | द गाइड |
| मालगुडी डेज | द इंग्लिश टीचर |
| अंडर द बनयान ट्री | द मैनइटर ऑफ मालगुडी |

**अध्यापक के लिए**—आर० के० नारायण, मुल्कराज आनंद व राजा राव अंग्रेजी में सबसे लोकप्रिय भारतीय लेखक हैं। छात्रों को ऐसे लेखकों की पुस्तकें, पुरस्कार, सम्मान व महत्व के बारे में बताइए।

यह तीनों मित्रों स्वामी, मणि और राजम की कहानी है। वे साथ पढ़ते, लड़ते और खेलते हैं। किन्तु स्वामी आक्रमक है और वह अपने मित्रों को सबक सिखाने का निर्णय लेता है। आगे क्या होता है? कहानी पढ़िए और पता कीजिए।

स्वामीनाथन को राजम और मणि के बीच में संवाद का सूत्र बनना था। वे अंतिम बेंच पर पीली दीवार पर अपनी कमर टिकाए बैठे थे। स्वामीनाथन राजम और मणि के बीच में बैठा था। उनकी पुस्तकें उनके सामने मेज पर रखी थी किन्तु उनके मस्तिष्क व्यस्त थे।

मणि ने एक कागज के टुकड़े पर लिखा, ''क्या तुम मर्द हो?'' और उसे स्वामीनाथन को दे दिया जिसने उसे, चेहरे पर गुस्से के भाव के साथ, राजम की ओर खिसका दिया। राजम ने उसे पढ़ा, मरोड़ा और फेंक दिया। इस पर मणि एक बार कागज पर फिर से प्रश्न दोहराया और आगे खिसका दिया। राजम स्वामीनाथन के चेहरे पर फुसफुसाया, ''दुष्ट, मुझे परेशान मत करो'' और पत्र को मरोड़ दिया।

आगे की प्रगति रुक गई।

''स्वामीनाथन, खड़े हो जाओ,'' शिक्षक बोले। स्वामीनाथन खड़ा हो गया।

''लिस्बन किसलिए प्रसिद्ध है?'' शिक्षक ने पूछा।

स्वामीनाथन थोड़ा हिचकिचाया और कोशिश की,'' स्पेन की राजधानी होने के लिए।

शिक्षक ने अपनी मूँछ को चबाना और दूसरा प्रश्न दागा,'' भारतीय जलवायु के बारे में तुम क्या जानते हो?''

''यह गर्मियों में गर्म और सर्दियों में ठंडी होती है।''

''बेंच पर खड़े हो जाओ!'' शिक्षक चिल्लाए और स्वामीनाथन बिना किसी विरोध के खड़ा हो गया। वह प्रसन्न था कि छड़ी के स्थान पर उसे यह कदाचित अपमानजनक सजा दी गई।

शिक्षक ने अध्याय फिर से आरम्भ किया: अफ्रीका वनों की भूमि है। नील वहाँ सबसे महत्त्वपूर्ण नदी है। क्या वे समझे? वहाँ सबसे महत्त्वपूर्ण नदी कौन सी है? क्या वे समझे? उन्होंने क्या कहा? उन्होंने इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए प्रथम बेंच से किसी को चुना। (नील अफ्रीका में सबसे महत्त्वपूर्ण नदी है, लड़के ने तुरंत उत्तर दिया और शिक्षक संतुष्ट हो गए। नील क्या है? (अफ्रीका में सबसे महत्त्वपूर्ण नदी है, एक लड़के ने तुरंत उत्तर दिया और उसे तुरंत ही डाँट पड़ी क्योंकि उसे पूछे जाने से पूर्व उत्तर नहीं देना सीखना है।) शान्ति, शान्ति। कक्षा में इतना शोर क्यों हो रहा है? उन्हें शोर मचाते रहने दो और उन्हें परीक्षा में साफ, बड़ा सा शून्य मिलेगा। वह इसे देखेंगे···

स्वामीनाथन ने बाद के अध्यायों पर ध्यान न दिया। उसका मस्तिष्क भटकने लगा। बेंच पर खड़े हुए, वह पूरी कक्षा के ऊपर था। वह इतने सारे सिर देख पा रहा था और उसने उन्हें टोपियों के अनुसार वर्गीकृत किया: वहाँ चार लाल टोपी थीं, पच्चीस गाँधी टोपी थीं, दस फर की टोपी थीं, आदि।

जब दिन का कार्य समाप्त हुआ तो स्वामीनाथन, मणि व राजम, उनके मस्तिष्क में क्या चल रहा है, बताने के लिए सुनसान स्थान पर चले गए। स्वामीनाथन उन दोनों के बीच में खड़ा रहकर संवाद के माध्यम का कार्य कर रहा था। वे इतना पास थे कि अगर वे फुसफुसाते तो भी एक दूसरे को सुन सकते थे। किन्तु दो दुश्मनों के बीच संवाद कायम करने का तरीका माध्यम ही होता है। मणि ने स्वामीनाथन पर टकटकी लगाए हुए पूछा, ''क्या तुम मर्द हो?''

स्वामीनाथन राजम की ओर घूमा और दोहराया, ''क्या तुम मर्द हो?''

राजम गुस्सा हुआ और चिल्लाया, ''किस कुत्ते को शक है?''

स्वामीनाथन मणि की ओर घूमा और गुस्से से बोला, ''किस गंदे कुत्ते को शक है?''

''क्या तुम में हिम्मत है कि यह सिद्ध कर पाओ कि तुम मर्द हो?'' मणि ने पूछा।

स्वामीनाथन राजम की और मुड़ा और इसे दोहराया।

''कैसे?''

''कैसे?'' स्वामीनाथन ने मणि से दोहराया।

''कल शाम मुझे नदी किनारे नल्लप्पा के बाग के पास मिलो।''

''नल्लप्पा के बाग के पास, ''स्वामीनाथन को नकल करने में आनंद आया।

''किसलिए?'' राजम ने पूछा।

''यह देखने के लिए तुम मेरा सिर तोड़ सकते हो या नहीं।''

''ओह, टुकड़ों में,'' राजम बोला।

स्वामीनाथन की सेवा समाप्त कर दी गई। वे उसे अपनी बातें दोहराने का समय नहीं दे रहे थे। राजम एक कान में चिल्लाता तो मणि दूसरे में।

''तो क्या हम कल तुम्हें नदी पर उम्मीद करें,'' स्वामीनाथन बोला। ''अवश्य'' राजम ने उन्हें विश्वास दिलाया। मणि जानना चाहता कि क्या दूसरा सुरक्षाकर्मियों के साथ आएगा। नहीं, वह नहीं आएगा। और मणि ने अपना दूसरा संदेह बोला, ''अगर तुम्हें कुछ हो जाए तो, वादा करते हो कि अपने पिता को नहीं बताओगे?''

वह ऐसा करेगा, इस विचार का विरोध करते हुए, राजम ने वादा किया।

नल्लप्पा का बाग उनसे कुछ गज आगे था। छह बज चुके थे और दोनों किनारों के बीच का यातायात बंद हो चुका था। शाम की सामान्य भीड़-भाड़ उनके पीछे थी। स्वामीनाथन व मणि रेत पर बैठे थे। वे शान्त थे। अपनी भुजा के नीचे लकड़ी का डंडा दबाए, मणि भूमि को घूर रहा था। वह सोच रहा था कि थोड़ी ही देर में वह राजम का सिर तोड़ देगा और उसके शरीर को नदी में फेंक देगा। क्या हो कि अगर वह मिल जाए? किन्तु उन्हें कैसे पता चलेगा कि यह उसने किया है? किन्तु क्या हो अगर राजम रात में भूत बनकर आए और उसे सताए? उसके दादा के देहान्त के बाद से ही वह अकेले सो रहा है। क्या हो अगर राजम रात में आए और उसके बाल खींचे? इसलिए अच्छा होगा कि उसे मारा न जाए। वह उसके हाथ-पैर तोड़कर व उसे उसके हाल पर ही छोड़ कर संतुष्टि पा लेगा। अगर वह उसके सिर को पीटे, तो किसे पता चलेगा? या तो ऐसा हो—उसने स्वामीनाथन को कनखियों से देखा, पर वह मासूमियत से पलकें मिचमिचा रहा था। या तो ऐसा हो कि स्वामीनाथन पुलिस को सूचना दे।

जूतों के चरमराने की ध्वनि पर वे मुड़े और देखा कि राजम आ गया है। वह खाकी वस्त्र पहने था और उसकी बाँह के नीचे एयरगन थी जो उसे दो महीने पूर्व उसके जन्मदिन पर मिली थी। वह एकदम कड़क हुआ था और बोला, ''यह रहा मैं, तैयार।''

''तुम देर से आए हो।'' ''हाँ'' ''हम आरंभ करेंगे।''

राजम ने बंदूक को कंधे से लगाया और एक गोली दागी। मणि चौंक पड़ा। वह शान्त खड़ा था, उसका डंडा नीचे की ओर झुका था।

''तुमने धमाका सुना?'' राजम ने पूछा। ''अगली गोली तुम्हारे ही शरीर में होगी, अगर तुम लड़ना ही चाहते हो।'' किन्तु यह अनुचित है। मेरे पास बंदूक नहीं है जबकि तुम्हारे पास है। यह तो हाथों की लड़ाई होनी थी।''

''तब तुम डंडा क्यों लाए हो? तुमने इसके बारे में कल तो कुछ नहीं कहा था।''

मणि ने अपना सिर लटका लिया।

''मैंने तुम्हें नाराज करने के लिए क्या किया है?'' राजम ने पूछा।

''तुमने मुझे किसी के सामने डरपोक कहा था।''

''यह झूठ है।''

वहाँ एक अजीब सा ठहराव आ गया था। ''अगर यही तुम्हारे गुस्से का कारण है तो भूल जाओ। मुझे मित्र बनने में कोई एतराज नहीं है।''

"मुझे भी नहीं," मणि बोला।

स्वामीनाथन ने आश्चर्य से साँस ली। मणि के सामने अकड़ने के बाद भी वह राजम को सराह रहा था और उसका मित्र बनना चाहता था। अब यह इस अनचाही समस्या का सबसे अच्छा समापन था। वह प्रसन्नता से नाचने लगा। राजम ने अपनी बंदूक नीचे की और मणि ने अपना डंडा गिरा दिया।

अपनी सद्भावना दिखाने के लिए राजम ने अपनी जेब से छह बिस्किट निकाले।

नदी की धीमी ध्वनि, पीपल के पत्तों की सरसराहट, शाम का धुँधला प्रकाश और तीन मित्र खाते हुए और नई मित्रता में दमकते हुए। स्वामीनाथन को विश्व में पूर्ण शान्ति का आभास हुआ।

## Creative Exercise

### TEXTUAL STUDY

**A. Answer the following questions :**

1. The teacher was teaching Geography.
2. The children were passing notes in the class as they were not on talking terms.
3. As he stood on the bench, Swami looked over the class and classified the heads of students according to the caps they wore.
4. Mani changed his mind about killing Rajam because he was afraid of being found out. If Rajam became a spirit, he would trouble Swami at night.
5. Swami danced with joy because the problem between Rajam and Mani was over and they became friends once again. He admired Rajam intensely and longed to be his friend.
6. The teacher was not right in making Swami stand on the bench because capital punishment is not the right way to treat a child. Love and being strict can served the same purpose.

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (a) **2.** (d) **3.** (d) **4.** (c)
**5.** (a)

**C. Write True or False :**

**1.** True **2.** False **3.** True **4.** True
**5.** False

### VOCABULARY SKILL

**D. Match the following words :**

| | |
|---|---|
| **1.** ventured | refusing to accept something |
| **2.** snubbed | said |
| **3.** alacrity | not used |
| **4.** ferociously | treated rudely |
| **5.** repudiating | quickness and eagerness |
| **6.** dispensed | very strongly and unpleasantly |

## Comprehensive Exercise

**GRAMMAR SKILL**

**A. Underline Adjectives in the following sentences and write their kinds :**

1. Bob is a <u>famous</u> businessman in the town. **Adjective of quantity**
2. There are <u>twelve</u> months in a year. **Adjective of number**
3. <u>What</u> time will you go today? **Interrogative adjective**
4. Finally we have arrived at <u>our</u> destination. **Possessive adjective**
5. Will you hike to lave a <u>little</u> juice. **Adjective of quantity**
6. I saw an <u>ugly</u> girl in the street. **Adjective of quality**
7. I have <u>five</u> fingers in one hand. <u>How</u> many do you have? **Adjective of number/Interrogative adjective**
8. You can eat the <u>whole</u> cake. **Adjective of quantity**
9. <u>Which</u> bag belongs to you? **Interrogative adjective**
10. This toy belongs to <u>that</u> child. **Demonstrative adjective**

**LIFE SKILLS**

**E. Do it yourself.**

## The Fog

### हिन्दी अनुवाद

हम सामान्यतया सोचते हैं कि जो देख पाता है, वह न देख पाने वाले से बेहतर है। किन्तु यह सदा सत्य नहीं है। अनेकों बार ऐसे मौके आते हैं जब न देख पाने वाले व्यक्ति, देख पाने वाले व्यक्ति की तुलना में अच्छी स्थिति में होता है।

मैंने कोहरे को घना होते देखा
मुझे पता ही न चला कि मैं कहाँ हूँ,
इसने लड़कों को लंबा व्यक्ति कर दिया,
और लंबे व्यक्तियों को विशाल बना दिया,
इसने मेरी गर्दन को पकड़ा, मैं खाँसने लगा,
मेरे सिर में कुछ नहीं था,
केवल दो भारी आँखों के,
जो जलते सीसे की गेंद प्रतीत होती थीं
और जब इतना अँधेरा हो गया
मेरा सारा ज्ञान समाप्त हो गया
दूरी और स्थान का
सड़क के खंभे और लाइटें,
और रूकी हुई कारें

पृथ्वी पर हो सकती थीं,
अथवा किसी भी आकाश के तारे पर,
एक व्यक्ति मेरे पास से निकला,
मैंने अपना रास्ता पूछा, उसने उत्तर दिया
''मेरे पीछे आओ, मेरे मित्र''—
मैं उसके पीछे चला, जहाँ भी वह ले गया।
उसने सड़क के सामने के पत्थरों को खटखटाया
''मुझ पर विश्वास करो,'' वह बोला ''और आओ।''
मैं बालक की तरह उसके पीछे-पीछे चला—
एक अन्धे व्यक्ति ने मुझे घर पहुँचाया

## Creative Exercise

### TEXTUAL STUDY

**A. Answer the following questions :**

**1.** The fog was very thick. It was so thick that the poet could not see anything and he lost all judgement of distance and space. It was dark all around and his eyes were heavy like balls of burning lead.

**2.** When the poet says, "tall man of boys and giants of tall men," he means that the fog has distorted his vision and shadows of people appear larger.

**3.** Fog was thick and dense and had completely enveloped the poet. In fact, he was breathing the fog which made him cough. This is what he meant when he said that the fog clutched his throat.

**4.** About the two heavy eyes, the poet says that they were like balls of burning lead.

**5.** The poet was led home by a blind man.

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (b) **2.** (a) **3.** (b) **4.** (d)
**5.** (b)

### VOCABULARY SKILL

**C. Find out the rhyming words from the poem :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ken | **men** | head | **lead** |
| place | **space** | space | **place** |
| cars | **stars** | said | **led** |
| come | **home** | | |

**D. Do it yourself.**

# 6. After Twenty Years

## हिन्दी अनुवाद

### तैयार हो जाइए

बीस वर्ष बाद एक सुंदर लघु कहानी है जो हमें तीन नैतिक मूल्यों : मित्रता, निष्ठा और विश्वास का महत्त्व बताती है। लेखक ओ० हैनरी ने इन तीन विभिन्न विषयगत तत्वों को कथानक में पिरोया है। आइए, इन्हें देखते हैं।

**मित्रता**—हममें से शायद अनेक जानते हैं कि मित्रता के लिए कुछ भी करने के लिए मजबूर किए जाने पर कैसा लगता है। शायद यह बिना पैसे के कार्य करना, लंबी कहानियों को सुनना अथवा 20 वर्ष के बाद कई सौ मील जाना। बॉब के लिए मित्रता के वे बंधन बहुमूल्य हैं जो उसके और जिमी के बीच उतने वर्ष पूर्व गढ़े गए थे।

**निष्ठा**—लोगों और विचारों के प्रति निष्ठा को बनाए रखना कभी-कभी मुश्किल हो सकता है, खासकर जब वे किसी व्यक्ति व किसी विचार, जो हमारे हृदय के करीब हो, के बीच में बँटी हो। बीस वर्ष पहले तय किए मिलने के समय को वादे को निभाने में, बॉब की जिमी के प्रति निष्ठा हिलाई नहीं जा सकती।

**विश्वास**—आप किस पर अधिक विश्वास करेंगे? एक पुलिस अफसर पर जिसने अपने सबसे अच्छे मित्र को अभी गिरफ्तार किया है या फिर उस 'बुरे पुलिस वाले' पर जिसने कभी रहे अपने सबसे करीबी साथी को भाग जाने दिया? हम जो भी सोचें, उससे अलग यह स्पष्ट है बॉब जिमी पर विश्वास नहीं कर पाता जब बात उसे जेल से बाहर रखने की आती है।

**अध्यापक के लिए**—मित्रता, निष्ठा और विश्वास पर प्रकाश डालिए क्यों यह जीवन में महत्त्वपूर्ण हैं।

जब आप किसी मित्र से लंबे समय पश्चात मिलने की उम्मीद रखते हो, तो आप क्या महसूस करेंगे? उत्साह? उत्सुकता? जिमी वैल्स अपने मित्र बॉब से बीस वर्ष पश्चात् मिलता है किन्तु उनका मिलन सामान्य नहीं है। क्या हुआ, यह जानने के लिए ओ० हैनरी की उस उत्कृष्ट कहानी को पढ़िए।

मजबूत और महत्त्वपूर्ण दिखने वाला पुलिस वाला, अपने कार्य पर, एवेन्यू पर आगे बढ़ गया। इसी तरीके से वह सदा चलता था। वह कैसा दिखता था, वह इसके बारे में नहीं सोच रहा था। उसे देखने के लिए सड़क पर कम लोग थे। रात के केवल दस बजे थे परन्तु ठंड थी और हवा के साथ थोड़ी वर्षा भी थी।

चलते हुए वह दरवाजों पर भी रूक रहा था, हर दरवाजे को जाँच कर यह निश्चित करते हुए कि वह रात के लिए बंद है। कभी-कभी वह मुड़ कर सड़क के ऊपर-नीचे देख लेता था। वह पुलिसवाला दिखने में अच्छा था, चौकन्ना शान्ति का रखवाला।

नगर के इस भाग लोग घर जल्दी चले जाते थे। यदा-कदा आप किसी दुकान अथवा छोटे रेस्टोरेण्ट की लाइटें देख पाएँ। किन्तु अधिकांश दरवाजे धंधे के इन स्थानों के थे जो घंटों पहले बंद किए जा चुके थे।

तभी पुलिसवालों ने अचानक अपनी चाल धीरे की। एक अँधेरी दुकान के दरवाजे के पास

एक व्यक्ति खड़ा था जिसके मुँह में बिना जला सिगार था। जैसे ही पुलिसवाला उसकी ओर बढ़ा, वह व्यक्ति जल्दी से बोला।

''सब ठीक है, ऑफिसर,'' वह बोला। ''मैं एक मित्र का इंतजार कर रहा हूँ। बीस वर्ष पूर्व हम आज रात इस स्थान पर मिलने को सहमत हुए थे। आपको अजीब लग रहा होगा, है ना? अगर आप सब कुछ ठीक होने के बारे में निश्चित होना चाहते हैं तो मैं आपको समझाता हूँ। बीस वर्ष पहले जहाँ यह दुकान है, वहाँ 'बिग जो ब्रैडीज् रेस्टोरेण्ट' नामक रेस्टोरेण्ट हुआ करता था।''

''वह यहाँ पाँच वर्ष पहले तक था,'' पुलिसवाला बोला। दरवाजे में खड़े व्यक्ति ने लाइटर जलाकर अपना सिगार जलाया। प्रकाश में एक रंगहीन चौकोर चेहरा दिखा जिसमें चमकीली आँखें तथा दाईं आँख के पास एक सफेद रंग का निशान था। उसेक स्कार्फ पिन में एक बड़ा हीरा था।

''आज ही की रात बीस वर्ष पूर्व,'' वह व्यक्ति बोला, ''मैंने जिमी के साथ रात का भोजन किया था। वह मेरा सबसे अच्छा मित्र तथा विश्व में सबसे अच्छा व्यक्ति था। हम यहाँ न्यूयॉर्क में, दो भाइयों के समान, पले-बढ़े। मैं अठारह व जिमी बीस वर्ष का था। अगली सुबह मुझे अपनी किस्मत आजमाने पश्चिम के लिये जाना था। आप जिमी को न्यूयॉर्क से खींच नहीं सकते थे। वह सोचता था कि यह पृथ्वी पर एकमात्र स्थान था।

उस रात हमने निर्णय लिया कि हम यहाँ बीस वर्ष में दोबारा मिलेंगे। हमने सोचा कि बीस वर्ष में हम जान जाएँगे कि हम किस प्रकार के व्यक्ति हैं और कैसा भविष्य हमारी प्रतीक्षा कर रहा है।''

''यह रोचक लगता है,'' पुलिसवाला बोला। ''मुलाकातों के बीच लंबा समय, मुझे ऐसा लगता है जबसे तुम पश्चिम गए, क्या तुमने अपने मित्र से कुछ सुना?''

''हाँ, कुछ समय तक हम एक-दूसरे को लिखते रहे,'' वह व्यक्ति बोला, ''किन्तु एक या दो वर्ष बाद हम बंद हो गए। पश्चिम बड़ा है। मैं हर ओर घूमता रहा, और मैं तेजी से चला। किन्तु मैं जानता हूँ कि जिमी मुझे यहाँ मिलेगा अगर वह कर पाए तो। वह विश्व के किसी भी व्यक्ति के समान ही सच्चा था। वह कभी भूलेगा नहीं। मैं आज रात यहाँ खड़ा होने के लिए एक हजार मील से आया हूँ। अगर मेरा मित्र भी आ जाए तो मुझे इस बारे में बहुत अच्छा लगेगा।''

प्रतीक्षा करते व्यक्ति ने जेब से, छोटे हीरों से सजी, एक बढ़िया घड़ी निकाली।

''दस बजने में तीन मिनट हैं,'' ''वह बोला।'' उस रात दस बजे थे जब हमने यहाँ रेस्टोरेण्ट के दरवाजे पर गुडबाय कहा था।''

''तुम पश्चिम में सफल रहे, है ना?'' पुलिसवाले ने पूछा।

''मैं निश्चित ही! मैं उम्मीद करता हूँ कि जिमी ने भी उसका आधा अच्छा किया हो। वह मेहनती व्यक्ति था। मुझे अपनी सफलता के लिए लड़ना पड़ा। न्यूयॉर्क में व्यक्ति उतना नहीं बदलता है। पश्चिम में जो आप चाहते हैं, उसके लिए लड़ना सीख जाते हैं।''

पुलिसवाला एक-दो कदम चला।

''मैं अपने रास्ते चलता हूँ,'' वह बोला, ''मैं उम्मीद करता हूँ तुम्हारा मित्र ठीक-ठीक आ जाए। अगर वह दस तक न आया तो क्या तुम चले जाओगे?''

''नहीं, मैं नहीं!'' दूसरा बोला। ''मैं यहाँ कम से कम आधा घंटा प्रतीक्षा करूँगा। अगर जिमी पृथ्वी पर जीवित हैं, तो वह उस समय तक यहाँ अवश्य आ जाएगा। शुभ रात्रि, ऑफिसर।''

''शुभ रात्रि,'' पुलिसवाला बोला और दरवाजे की जाँच करता हुआ चला गया।

अब ठंडी वर्षा गिर रही थी और पवन भी वेगमय थी। उस सड़क पर चलते हुए व्यक्ति, गर्म रखने की कोशिश करते हुए, जल्दी कर रहे थे। और दुकान के दरवाजे में वह व्यक्ति खड़ा था जो एक मित्र से मिलने एक हजार मील से आया था। ऐसी मुलाकात निश्चित नहीं थी। किन्तु वह प्रतीक्षा कर रहा था।

वह लगभग बीस मिनट प्रतीक्षा करता रहा और तब लंबे कोट में एक लंबा आदमी तेजी से सड़क के पार आया। वह सीधा प्रतीक्षा करते व्यक्ति के पास गया।

''क्या तुम हो, बॉब?'' उसने संशय से पूछा।

''क्या तुम हो, जिमीं वैल्स?'' दरवाजे पर खड़ा व्यक्ति चिल्लाया।

नए व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति का हाथ अपने हाथों में लिया। ''यह तो बॉब है! वाकई में। मुझे विश्वास कि अगर तुम जीवित हो तो मैं तुम्हें यहीं पाऊँगा। बीस वर्ष लंबा समय है। पुराना रेस्टोरेण्ट समाप्त हो गया, बॉब। मैं चाहता था कि वो यहाँ होता ताकि हम उसमें एक और बार भोजन करते। क्या पश्चिम तुम्हारे लिए अच्छा रहा है?''

''उसने मुझे सब कुछ जो मैंने उससे माँगा। तुम बदल गए हो, जिमी। मैंने कभी नहीं सोचा था कि तुम इतने लंबे हो।''

''ओह, बीस के बाद मैं थोड़ा लंबा हो गया।''

''क्या तुम न्यूयॉर्क में अच्छा कर रहे हो, जिमी?''

''बहुत है। मैं नगर के एक विभाग के लिए कार्य करता हूँ। आओ बॉब। मेरी जानी हुई एक जगह चलते हैं और पुराने समय के बारे में अच्छी बातें करेंगे।''

दोनों व्यक्ति बाँहों में बाँहें डाल सड़क पर चल पड़े। पश्चिम से आया व्यक्ति अपने जीवन की कहानी बताना आरंभ कर रहा था। दूसरा, अपने कोट को अपने कान तक चढ़ाए हुए, ध्यान से सुन रहा था।

एक मोड़ पर प्रकाश से चमचमाती दवा की दुकान थी। जब वे करीब पहुँचे, दोनों एक दूसरे के चेहरे को देखने के लिए मुड़े।

पश्चिम से आया व्यक्ति अचानक रुक गया और अपनी बाँह हटा ली।

''तुम जिमी वैल्स नहीं हो,'' वह बोला, ''बीस वर्ष लंबा समय है, किन्तु इतना लंबा नहीं कि व्यक्ति की नाक का आकार बदल दे।''

''यह कभी-कभी अच्छे व्यक्ति को बुरा बना देता है,'' लंबा व्यक्ति बोला। ''तुम पिछले दस मिनट से गिरफ्तार हो,'' सिल्की बॉब, शिकागो के पुलिसवालों ने सोचा कि तुम शायद न्यूयॉर्क आ रहे हो। उन्होंने हमें तुम पर नजर रखने को कहा था। क्या तुम मेरे साथ शान्ति से आ रहे हो? यह अक्लमंदी है। किन्तु पहले यह एक वस्तु जो मुझे तुम्हें देने को कहा गया था। तुम इसे यहाँ खिड़की पर पढ़ सकते हो। यह वैल्स नामक पुलिसवाले ने दिया है।''

पश्चिम से आए व्यक्ति ने कागज का छोटा टुकड़ा खोला। जैसे वह उसे पढ़ रहा था, उसके हाथ थोड़े से काँप रहे थे :

मैं समय पर उस स्थान पर पहुँच गया था। जब तुमने अपने सिगार जलाने के लिए लाइटर जलाया तो मैंने शिकागो पुलिस द्वारा वांछित व्यक्ति का चेहरा देखा। मैं तुम्हें स्वयं गिरफ्तार नहीं करना चाहता था। इसलिए मैं चला गया, एक दूसरे पुलिसवाले को मिला और उसे काम करने भेज दिया।

## Creative Exercise

### TEXTUAL STUDY

**A. Answer the following questions :**

**1.** At the time of the story, the weather was cold and windy. It was also raining.

**2.** The cop had to move up and down the avenue, check all doors to make sure that they had closed for the day.

**3.** The man waiting near the shop was rich. This is made clear by the jewellery he was wearing. He had a large diamond on his scarfpin. His fine watch was covered with small diamonds.

**4.** The man was waiting for his best friend Jimmy because they both had promised to each other twenty years earlier, to meet at exactly the same place and the same time.

**5.** Jimmy's height and the shape of his nose put Bob in doubt about his identity.

**6.** The policeman made sure that Bob was going to stay for half on hour more after 10 p.m. This was done so that in half an hour, he could go to the police station and send another man to arrest Bob.

**7.** 'Has the west been good to you?' Means that as Bob has gone to the west of New York to make his fortune, Jimmy wanted to know whether the change of the cities had permitted him to do so.

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (b) **2.** (b) **3.** (c) **4.** (b)

**5.** (c)

**C. Write True or False :**

**1.** True **2.** False **3.** False **4.** True

**5.** True

### VOCABULARY SKILL

**D. Match the following words :**

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | cop | hit hard |
| **2.** | Bob | arrested Bob |
| **3.** | Jimmy | policeman |
| **4.** | the man | criminal |
| **5.** | struck | mark |
| **6.** | scar | Bob's friend policeman |

**PUZZLE TIME**

**E. Complete the crossword by filling the words for the meaning, as clues given below :**

| | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | [1]A | [4]M | B | A | S | S | [2]A | D | O | R | | | | | | |
| | | | A | | | | | V | | | | | | | | | |
| | | | N | | | | | [5]I | M | P | O | S | S | I | B | L | E |
| | | | U | | | | | A | | | | | | | | | |
| | | | S | | | | | [3]R | A | N | S | [8]O | M | | | | |
| | | | C | | | | | I | | | | P | | | | | |
| [6]M | A | T | R | I | M | [7]O | N | Y | | | | T | | | | | |
| | | | I | | | R | | | | | | I | | | | | |
| | | | P | | | P | | | | | | M | | | | | |
| | | | T | | | H | | | | | | I | | | | | |
| | | | | | | A | | | | | | S | | | | | |
| | | | | | | N | | | | | | T | | | | | |

## Comprehensive Exercise

**GRAMMAR SKILL**

**A. Fill in the following with appropriate Comparative or Superlative form of adjectives :**

**1.** costliest **2.** more clever **3.** better **4.** cold
**5.** most interesting **6.** better **7.** most clever
**8.** greater **9.** sweeter **10.** more pretty
**11.** worst **12.** expensive

**B., C., D., E., Do it yourself.**

## Improvement Activities-2
## (Lessons 4, 5, 6)

**A. Answer the following questions :**

1. We know that Edison was eager to know things. This is shown by the story where Edison wanted to know from his teacher as to why a man could not fly.
2. The teacher was not right in making Swami stand on the bench because capital punishment is not the right way to treat a child. Love and being strict can served the same purpose.
3. A spelling bee is a competition in which contestants are asked to spell a number of words, usually with a varying degree of difficulty.

4. The cop had to move up and down the avenue, check all doors to make sure that they had closed for the day.
5. The poet was led home by a blind man.

**B. Tick (✓) the correct options :**

**1.** (b) **2.** (d) **3.** (a) **4.** (a) **5.** (b)

**C. Write True or False :**

**1.** False **2.** True **3.** True **4.** False **5.** True

**D. Match the following words :**

| | |
|---|---|
| **1.** ventured | mark |
| **2.** ferociously | held tightly |
| **3.** struck | said |
| **4.** scar | very strongly and unpleasantly |
| **5.** clutched | hit hard |

**E. Do it yourself.**

# 7. The Shepherd's Daughter

## हिन्दी अनुवाद

### तैयार हो जाइए

विश्व में सब महिला व पुरुष बराबर हैं। हम सब प्रकृति माँ के बालक हैं। माता-पिता के लिए पुत्र व पुत्री बराबर होते हैं। यह कुछ कन्या हैं जिन्होंने स्वयं को सिद्ध किया है।

लता मंगेशकर एक भारतीय पार्श्वगायिका व संगीतकार हैं। उन्होंने हजार फिल्मों से अधिक में गाने रिकार्ड किए हैं और 36 से अधिक भारतीय प्रादेशिक भाषाओं और विदेशी भाषाओं में गीत गाए हैं।

आनंदीबेन पटेल एक भारतीय राजनीतिज्ञ तथा उत्तर प्रदेश की वर्तमान राज्यपाल और गुजरात की पूर्व मुख्यमंत्री हैं। वह गुजरात की प्रथम महिला मुख्यमंत्री थीं। वह 2002 से 2007 तक काबीना शिक्षा मंत्री थीं।

हेमा मालिनी एक भारतीय अभिनेत्री, लेखक, निर्देशक, निर्माता, शास्त्रीय नर्तकी व राजनीतिज्ञ हैं। उन्होंने 1962 में तमिल फिल्म *इथु साथियम* से फिल्मों में कदम रखा और प्रथम बार *सपनों का सौदागर* में मुख्य अभिनेत्री का किरदार निभाया। 2004 में वे आधिकारिक रूप से भा०जा०पा० की सदस्य बनीं। वह मथुरा (उ०प्र०) से लोकसभा सदस्य हैं।

मैरी कॉम मणिपुर की एक भारतीय महिला बॉक्सर हैं। वे एकमात्र महिला हैं जो रिकार्ड छह बार विश्व एमेच्योर बॉक्सिग चैंपियन बनी हैं तथा एकमात्र महिला बॉक्सर हैं जिन्होंने सात विश्व चैंपियनशिप में प्रत्येक में मैडल जीता है।

अरूंधति रॉय एक भारतीय लेखक हैं जो 1997 में मैन बुकर पुरस्कार जीतने वाले उपन्यास 'द गॉड ऑफ स्मॉल विंग्स' के लिए जानी जाती हैं। वे एक राजनीतिक कार्यकर्ता भी हैं जो मानवाधिकार व पर्यावरण विषयों से जुड़ी हैं।

पी० वी० सिंधु एक भारतीय पेशेवर बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। अपने कैरियर में उन्हें बी० डब्लू० एफ० सर्किट पर अनेक टूर्नामेंट जीते हैं जिनमें 2019 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण भी शामिल है।

**अध्यापक के लिए**—छात्रों को भारत में महिला सशक्तिकरण के कुछ अच्छे उदाहरण बताइए। उन्हें कन्या छात्रों को अपने कैरियर में अच्छा करने के लिए भी प्रोत्साहित करना चाहिए।

उस राजकुमार के बारे में कहानी पढ़िए जो एक कलाकृति बनाकर स्वयं का जीवन बचा पाता है। उसे एक चरवाहे की बेटी से प्रेम हो जाता है जो उसका जीवन बचाने में सहायता करती है।

यह मेरी दादी की राय है, ईश्वर उन पर कृपा करे, कि समस्त व्यक्तियों को मेहनत करनी और मेज पर, एक क्षण पहले, उन्होंने मुझसे कहा : ''तुम्हें कुछ अच्छा कार्य करना चाहिए, मानव के लिए कोई उपयोगी वस्तु—मिट्टी की, लकड़ी, या धातु की, या कपड़े की। किसी युवा के लिए किसी सम्मानीय कार्य से अनभिज्ञ होना ठीक नहीं है। क्या कोई ऐसी वस्तु है जो तुम बना सकते हो? क्या तुम एक साधारण मेज, एक कुर्सी, एक सामान्य कटोरा, एक कालीन, कॉफी का बर्तन बना सकते हो? क्या कुछ है जो तुम कर सकते हो?'' और मेरी दादी ने मुझे गुस्से से देखा।

'मैं जानती हूँ,' वे बोलीं, 'तुम एक लेखक माने जाते हो और मैं मानती हूँ तुम हो। तुम कुछ भी होने के लिए पर्याप्त सिगरेट पीते हो, और पूरा घर धुएँ से भरा रहता है, मगर तुम्हें कुछ असली वस्तु बनाना सीखना चाहिए, वस्तुएँ जो उपयोग हो सकें, जो देखी और छुई जा सकें।''

फारसियों का एक राजा था, 'मेरी दादी बोलीं' और उसका एक पुत्र था, और इस पुत्र को चरवाहे की बेटी से प्रेम हो गया। वह अपने पिता के पास गया और वह बोला, ''मेरे स्वामी, मैं एक चरवाहे की बेटी से प्रेम करता हूँ और उसे अपनी पत्नी बनाना चाहूँगा।'' राजा बोला, ''मैं राजा हूँ और तुम मेरे पुत्र हो, और जब मैं मर जाऊँ तब तुम राजा बनोगे। ऐसा कैसे हो सकता है कि तुम एक चरवाहे की बेटी से विवाह करोगे?'' और तब पुत्र बोला, ''मेरे स्वामी, मुझे नहीं पता, किन्तु जानता हूँ कि मुझे इस कन्या से प्रेम है और उसे अपनी रानी बनाना चाहूँगा।''

राजा ने देखा कि उस कन्या के लिए उसके पुत्र का प्रेम ईश्वर से था और वह बोला, ''मैं उसे संदेश भेजूँगा।''

उसने एक संदेशवाहक को बुलाया और उससे कहा, ''चरवाहे की बेटी के पास जाओ और कहो कि मेरा पुत्र उससे प्रेम करता है और उसे अपनी पत्नी बनाना चाहता है।'' संदेशवाहक उस लड़की के पास गया और वह बोला, ''राजा का बेटा आपसे प्रेम करता है और आपको अपनी पत्नी बनाना चाहता है।'' लड़की बोली, ''वह क्या कार्य करता है?''

संदेशवाहक बोला, ''क्या, वह राजा का पुत्र है, वह कोई कार्य नहीं करता है।'' लड़की ने कहा, ''उसे कुछ कार्य सीखना चाहिए।'' संदेशवाहक राजा के पास लौट गया और चरवाहे की बेटी के शब्द बोले।

राजा ने अपने पुत्र से कहा, ''चरवाहे की बेटी चाहती है कि तुम कुछ कार्य सीखो। क्या तुम अभी भी उसे अपनी पत्नी बनाना चाहते हो?'' और पुत्र बोला, ''हाँ, मैं फूस के कालीन बनाना सीखूँगा।'' और फिर लड़के को फूस के कालीन बनाना सिखाया गया, प्रतिरूपों में और रंगों में और सजावटी बनावटों के साथ। तीन दिन की समाप्ति पर वह बहुत अच्छे फूस

के कालीन बना रहा था। संदेशवाहक चरवाहे की बेटी के पास लौटा और वह बोला, ''ये फूस के कालीन राजा के पुत्र के कार्य हैं।''

लड़की संदेशवाहक के साथ राजा के महल पहुँची और राजा के पुत्र की पत्नी बन गई। ''एक दिन,'' मेरी दादी बोली,'' राजा का पुत्र बगदाद की सड़कों से जा रहा था और वह एक खाने के स्थान पर पहुँचा जो इतना साफ और ठंडा था कि वह भीतर गया और एक मेज पर बैठ गया।''

''यह स्थान'' मेरी दादी ने कहा, ''चोरों ओर हत्यारों का स्थान था और उन्होंने राजा के पुत्र को पकड़ लिया और उसे एक बड़े तहखाने में रख दिया जहाँ नगर के कई बड़े लोग पकड़ कर रखे हुए थे और चोर व हत्यारे सबसे मोटे व्यक्तियों को मार कर उनमें सबसे पतलों को खिला रहे थे, और अपना मनोरंजन कर रहे थे। राजा का पुत्र सबसे पतला व्यक्ति था। किसी को भी यह पता नहीं था कि फारसियों के राजा का पुत्र था, इसलिए उसकी जान बच गई और उसने चोरों और हत्यारों से कहा, ''मैं फूस के कालीन बुनने वाला हूँ और इन कालीनों का बहुत मूल्य है।''

उन्होंने उसे फूस ला के दी और उससे बुनने को कहा। तीन दिन में उसने तीन कालीन बुने और उसने कहा, ''इन्हें फारसियों के राजा के महल ले जाओ और हरेक कालीन के लिए वह तुम्हें सोने के पैसों के सौ टुकड़े देंगे।''

कालीन राजा के महल ले जाए गए और जब राजा ने कालीनों को देखा तो उसने पाया कि वे उसके पुत्र का कार्य हैं। वे उन कालीनों को चरवाहे की बेटी के पास ले गया और बोला, ''यह कालीन महल में लाए गए थे और ये मेरे खोए हुए पुत्र का कार्य हैं।'' चरवाहे की बेटी ने प्रत्येक कालीन को लिया और पास से देखा और प्रत्येक कालीन की बनावट में फारसियों की लिखित भाषा में, अपने पति के संदेश को देखा। उसने वह संदेश राजा को बताया।

''और राजा ने,'' मेरी दादी बोली, ''चोरों ओर हत्यारों के स्थान में कई सिपाही भेजे। सिपाहियों ने सारे बंदियों को छुड़ा लिया और सारे चोरों और हत्यारों को मार दिया। राजा के पुत्र को सुरक्षित राजा के महल में अपनी पत्नी 'चरवाहे की बेटी' के पास लौटा दिया गया। और जब लड़का महल के भीतर गया और अपनी पत्नी को फिर से देखा तो वह उसके सामने झुक गया और उसके पैरों को छुआ और उसने कहा, ''मेरी प्यारी, तुम्हारे कारण ही मैं जीवित हूँ।'' राजा चरवाहे की बेटी से बहुत प्रसन्न था।

''अब,'' मेरी दादी बोलीं, ''तुम्हें पता चला कि हर व्यक्ति को कोई सम्मानीय कार्य सीखने चाहिए?''

''मैं बिल्कुल स्पष्ट समझ गया,'' मैं बोला, ''और जैसे ही मैं एक आरी और एक हथौड़ा तथा एक लकड़ी का टुकड़ा खरीदने लायक पर्याप्त धन कमा लूँ तो मैं एक साधारण कुर्सी अथवा पुस्तकों का शैल्फ बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ करूँगा।

## Creative Exercise

### TEXTUAL STUDY

**A. Answer the following questions :**

**1.** According to the grandmother, learning is not worth one's time. She did not like it.

2. Grandmother thought that it was necessary for everyone to learn a craft because that alone was some good work where one could make some item useful to man.
3. The two things about the writer which were disliked by the grandmother his being a writer and his smoking.
4. The king's son fell in love with a shepherd's daughter.
5. The shepherd's daughter told the messenger that the king's son must learn to do some labour before he could marry her.
6. The king asked the messenger to go to the shepherd's daughter and tell her that the king's son loved her and would have her for his wife.
7. The king's son embraced the feet of the shepherd's daughter.

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (b) **2.** (a) **3.** (c) **4.** (a) **5.** (d)

**C. Write True or False :**

**1.** True **2.** True **3.** False **4.** True **5.** True

**VOCABULARY SKILL**

**D. Match the following words :**

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | love | lazy |
| **2.** | anger | gone |
| **3.** | labour | hate |
| **4.** | clean | affection |
| **5.** | returned | dirty |

## Comprehensive Exercise

**GRAMMAR SKILL**

**A. Fill in the blanks with appropriate conjunctions :**

1. I shall see you tomorrow **or** day after tomorrow.
2. Make haste **or** we shall miss the train.
3. He is **not** intelligent **but** different.
4. Wise man love truth **but** fools shun it.
5. She is more beautiful **than** her sister.
6. Ramesh will pass **since** he works hard.
7. Slow **and** steady wins the race.
8. Look **before** you leap.
9. I do not know the reason **why** he is giving up the job.
10. Please wait here **until** I return.

**B. Do it yourself.**

**C. Do it yourself.**

**D. Do it yourself.**

**E. Do it yourself.**

# 8. Little Girls Wiser than Men

## हिन्दी अनुवाद

## तैयार हो जाइए

शारीरिक गतिविधि शरीर की किसी प्रकार की गति अथवा व्यायाम का रूप है जो ऊर्जा का उपयोग करती है। व्यायाम गतिविधि का संरचित कार्यक्रम है जो शारीरिक तंदुरुस्ती पाने की ओर केन्द्रित होता है। संपूर्ण चुस्ती और क्षमता को सुधारने के लिए 5 क्रीड़ाएँ यह हैं।

तैरना न केवल पूर्ण शारीरिक व्यायाम, यह आपके हृदय के लिए एक अच्छी क्रीड़ा और कम तनावपूर्ण गतिविधि है। टेनिस सबसे अच्छे वायवीय व्यायामों में से एक है जो जॉगिंग और साइकिल चलाने के समकक्ष हैं। एक घंटा टेनिस खेलकर 600 कैलोरी तक जला सकते हैं।

साइकिल चलाने की कक्षाएँ मजेदार होती हैं और हर ओर उपलब्ध हैं। आप समूह में साइकिल चला सकते हैं अथवा अपने पास के जिम के लिए भीतर साइकिल चला सकते हैं। यह आपको प्रसन्न तथा आपके मस्तिष्क को मजबूत बनाती है।

नियमित दौड़ने वालों को हड्डी और माँसपेशीय हानि का खतरा कम होता है। इस खेल की शारीरिक माँगें हड्डियों की वृद्धि करती व आपको मजबूत बनाती हैं।

योग एक माध्यमिक एवं संयम का अभ्यास है जो विभिन्न शारीरिक मुद्राओं के माध्यम से श्वास नियंत्रण और साधारण ध्यान के लिए किया जाता है। यह सेहत व आराम के लिए किया जाता है।

**अध्यापक के लिए**—अध्यापक को छात्रों को तंदुरुस्त एवं स्वस्थ रहने का रहस्य समझाना चाहिए। उन्हें खेलों का उपयोग एवं महत्त्व भी समझाना चाहिए। खेलने की प्रवृत्ति हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखती है।

यह कहानी दो सबसे अच्छी कन्या मित्रों की है जो एक-दूसरे से प्रेम करती और ध्यान रखती हैं। वे लोगों से लड़ना नहीं चाहती। उनमें बालकपन है और उन्हें खेल प्रिय है।

यह आरम्भिक ईस्टर था। स्लेजिंग अभी समाप्त हुई थीं, बर्फ आँगन में अभी भी पड़ी थी तथा गाँव की गलियों में जल धाराओं में बह रहा था। अलग घरों से दो छोटी लड़कियाँ घरों के बीच में एक गली में मिली जहाँ खेतों से होकर बहते गंदे जल ने एक छोटा सा तालाब बना दिया था। एक लड़की बहुत छोटी थी तथा दूसरी उससे थोड़ी बड़ी थी। उनकी माताओं द्वारा उन्हें नए फ्रॉक पहनाए गए थे। छोटी वाली ने नीला फ्रॉक पहना था, दूसरी ने पीला प्रिंट तथा दोनों के सिर पर लाल रूमाल था। वे चर्च से आई थीं, जहाँ दोनों मिली और पहले एक-दूसरे को अपने कपड़े दिखाए और फिर वे खेलने लगीं। उनकी इच्छा उन्हें जल में छपाके मारने ले गई, और छोटी वाली तालाब में उतरने जा रही थी, जूते और सब कुछ लेकर, कि तभी बड़ी वाली ने उसे टोका।

''ऐसे भीतर मत जाओ, मलाशा,'' वह बोली, ''तुम्हारी माँ तुम्हें डाँटेंगी। मैं अपने जूते व मोजे उतारती हूँ और तुम अपने उतार लो।''

उन्होंने ऐसा किया और अपनी स्कर्ट उठाकर तालाब से एक दूसरे की ओर बढ़ने लगीं। जल मलाशा के टखने तक आ रहा था और वह बोली, ''यह गहरा है, अकुल्या, मुझे डर लग रहा है!''

''आओ भी,'' दूसरी ने जवाब दिया। ''डरो मत। यह और गहरा नहीं होगा।''

जब वे एक-दूसरे के पास पहुँची, अकुल्या बोली, ''ध्यान से, मलाशा, छपछपाओ मत। ध्यान से चलो!''

उसने बोला ही था कि मलाशा ने जोर से अपना पैर रखा और जल अकुल्या की फ्रॉक पर गिर गया। फ्रॉक गीली हो गई और साथ ही अकुल्या की आँखें व नाक भी। जब उसने अपनी फ्रॉक पर दाग देखे तो वह मलाशा को मारने उसके पीछे भागी। मलाशा डर गई, और जब उसने देखा कि उसने स्वयं को मुसीबत में डाल लिया है तो वह जल्दी से जल से निकली और घर भागने को तैयार थी। उसी समय, अकुल्या की माँ वहाँ से निकल रही थी और अपनी बेटी की फ्रॉक गीली और उसकी बाँहें गंदी हैं तो वह बोली, ''तुम शैतान, गंदी लड़की, तुम क्या कर रही हो?''

''मलाशा ने यह जान-बूझ कर किया है,'' लड़की ने उत्तर दिया।

इस पर, अकुल्या की माँ ने मलाशा को पकड़ा और उसकी गर्दन के पीछे मारा। मलाशा इतना जोर से रोने लगी कि उसकी आवाज पूरी गली में सुनी जा सकती थी। उसकी माँ बाहर निकल आईं।

''तुम मेरी लड़की को क्यों मार रही हो?'' उसने पूछा और अपनी पड़ोसी को डाँटने लगी। एक शब्द से बात बढ़ी और वे गुस्से से लड़ने लगी। आदमी बाहर आ गए और सड़क पर भीड़ इकट्ठी हो गई, सब चिल्ला रहे थे और कोई सुन नहीं रहा था। वे एक-दूसरे से लड़ते रहे, फिर एक ने दूसरे को धक्का दे दिया, और बात मारपीट तक पहुँच गई, फिर अकुल्या की दादी उनके बीच में आ गईं और उन्हें शान्त करने की कोशिश करने लगी।

''मित्रों, क्या सोच रहे हो? क्या ऐसा व्यवहार ठीक है? और वो भी इस दिन? यह हँसी-खुशी मनाने का दिन है और ऐसी गलती का नहीं।''

वे वृद्ध महिला की नहीं सुन रहे थे। उन्हें तो लगभग गिरा ही दिया गया था। और वे भीड़ को चुप न करा पाती अगर अकुल्या और मलाशा स्वयं नहीं होती। जब महिलाएँ एक-दूसरे को गाली दे रही थीं, अकुल्या ने अपनी फ्रॉक से कीचड़ साफ कर ली थी और तालाब पर वापस चली गई थी। उसने एक पत्थर लिया और तालाब के सामने से नाली बनाने के लिए हटाने लगे जिससे कि जल गली में निकल जाए। उसी समय, मलाशा भी उसके साथ आ गई और लकड़ी की खपच्ची लेकर नाली खोदने में सहायता करने लगी। जैसे ही पुरुषों ने लड़ना आरंभ किया, लड़कियों की नाली से जल बहता हुआ उसी स्थान पर पहुँचा जहाँ वह वृद्ध महिला पुरुषों को शान्त करने की कोशिश कर रही थी। लड़कियाँ नाली के दोनों ओर भागती हुई वहाँ आ गई।

''उसे पकड़ो, मलाशा!, उसे पकड़ो,'' अकुल्या चिल्लाई, और मलाशा बोल नहीं पा रही थी क्योंकि वह इतना हँस रही थी।

बहुत प्रसन्न, और अपनी नाली में लकड़ी बहते देख, छोटी लड़कियाँ सीधे पुरुषों के समूह में पहुँची, वृद्ध महिला ने उन्हें देखा और पुरुषों से बोली, ''क्या आपको अपने आप पर शर्म नहीं आ रही? आप इन लड़कियों के पीछे क्यों लड़ रहे हैं, जबकि वह स्वयं इसके बारे में भूल चुकी हैं और एक साथ प्रसन्नता से खेल रही हैं? मेरे प्यारे बच्चे, वे आपसे अधिक समझदार हैं।

पुरुषों ने छोटी लड़कियों को देखा और शरमा गए और अपने आप पर हँसते हुए अपने-अपने घर को चले गए।

## Creative Exercise

**TEXTUAL STUDY**

**A. Answer the following questions :**

1. Malasha, and Akulya were dressed in new clothes because they had just been to the church.
2. The way they showed each other their finery and later began to play inform us that the two girls were good friends.
3. Akulya stopped Malasha from stepping into the puddle, shoes and all, because in that case, her shoes and stockings would have got dirty and her mother would have scolded her.
4. The quarrel between the elders was sparked off when Akulya's mother seized Malasha and struck her on the back of her neck. The quarrel intensified when Malasha's mother came out after hearing her howling.
5. Akulya's old grandmother tried to calm down the people but she did not succeed.
6. While the adults were quarrelling, the two little girls were busy at the puddle, making a channel, through which the water could run out onto the street.

   This tells us that the two girls were innocent who had already forgotten about the incident.
7. Towards the end of the story, the men were ashamed because they were arguing and quarrelling over such a trivial matter when the girls themselves had forgotten all about it. They had learned an important lesson and that was, "never to fight with your fellow humans."

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (a) **2.** (b) **3.** (c) **4.** (a) **5.** (c)

**C. Write True or False :**

**1.** True **2.** False **3.** True **4.** False **5.** True

**VOCABULARY SKILL**

**D. Match the following words :**

1. Easter → a Christian festival
2. homestead → home with land around
3. puddle → little water lying in a ditch
4. howl → cry aloud
5. lassies → little girls

## Comprehensive Exercise

**GRAMMAR SKILL**

**A. Correct and rewrite the following sentences :**

**1.** English Grammar is not an easy subject.
**2.** The cholera is an infectious disease.
**3.** There were five persons in the car.
**4.** Would you like to be a musician?
**5.** Kanpur is an industrial city.
**6.** Are you a student of class VI?
**7.** I want to put up a question to you.
**8.** Who is the best student of the class?
**9.** Some women worship moon in the night.
**10.** Please return me the book I gave you yesterday.

**B., C., D., E., Do it yourself.**

## Be the Best

### हिन्दी अनुवाद

क्या आपने कभी चाहा है कि आप कोई और हों? अगर हाँ, क्यों? क्या आपको नहीं लगता कि, आप जो व्यक्ति हैं, यह उसे व्यर्थ करना होगा। आपसे बेहतर कोई नहीं जानता कि आप कैसे सबसे अच्छे हो सकते हैं! हम जो सबसे अच्छे हो सकते हैं और सबसे अच्छा करने के बारे में यह कविता पढ़िए।

अगर आप पहाड़ी के ऊपर देवदार नहीं हो सकते,
तो घाटी में झाड़ी बनिए, किंतु
धारा के किनारे सबसे अच्छी छोटी झाड़ी बनिए;
झाड़ी बनिए अगर आप वृक्ष नहीं हो सकते।
अगर आप झाड़ी नहीं बन सकते तो घास का तिनका बनिए,
और किसी राजमार्ग को प्रसन्न करिए;
अगर आप भारी भरकम मस्की नहीं बन सकते, तो केवल बास बनिए—
किन्तु झील में सबसे जीवंत बास बनिए!
हम सब कप्तान नहीं हो सकते, हमें चालक दल बनना है,
हम सबके लिए यहाँ कुछ है।
यहाँ बड़ा कार्य करना है और छोटा कार्य भी करना है,
और जो कार्य हमें करना है, वह पास ही है।
अगर आप राजमार्ग नहीं हो सकते तो पगडंडी ही बनिए,
अगर आप सूर्य नहीं हो सकते तो तारा बनिए;
आकार से आप जीतते अथवा हारते नहीं हैं—
आप जो भी हैं, उसमें सबसे अच्छे बनिए!

## Creative Exercise

**TEXTUAL STUDY**

**A. Answer the following questions :**

1. Our attitude towards our work should be, "to be the best of whatever we are."
2. The refrain 'If you can't be...' has a positive effect on the reader. Yes, the repetition helps the poet influence the readers positively.
3. I do not believe some occupations are 'low' while some are 'high' though their respective importance might differ. Each and every occupation has its own importance and value.

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (d) **2.** (a) **3.** (c) **4.** (b)

**VOCABULARY SKILL**

**C. Find out the rhyming words from the poem :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| hill | **rill** | be | **tree** |
| grass | **bass** | make | **lake** |
| crew | **do** | here | **near** |
| train | **fail** | star | **are** |

**D. Do it yourself.**

# 9. Princess Czarina

### हिन्दी अनुवाद

### तैयार हो जाइए

अनेक सुंदर राजकुमारियों ने हमें सुंदर कहानियाँ दी हैं। वे भिन्न देशों व भिन्न समय की थीं। कुछ सदाबहार सुंदर राजकुमारियों के बारे में नीचे बताया गया है। पढ़िए, आनंद लीजिए व उन्हें उनके नामों से सुमेलित कीजिए।

यह 53वीं डिज्नी फिल्म 'फ्रोजन' में नजर आई थी। वह विचित्र, मजेदार व निष्ठावान हैं।

वह पहले असहाय व कमजोर दिखी किन्तु वास्तव में अनेक लोगों की पसंद है।

वह दयालु और उदार होना नहीं भूली।

वह चाहती है कि अलाद्दीन उससे धन के लिए नहीं बल्कि प्रेम के लिए विवाह करे, इसीलिए वह स्वयं को शान्त रखती है।

वह डिज्नी की एकमात्र और गैर–मानव मूल की राजकुमारी है तथा डिज्नी की एनीमेटिड फिल्म 'एरियल एंड द मरमेड' में नजर आई।

उसकी कहानी हुआ मुलान की प्राचीन चीनी लोक कथा पर आधारित है जोकि 'द बैलड ऑफ मुलान' में बताई गई है। तीरंदाजी में प्रशिक्षित, वह स्वाधीनता तथा बहादुरी प्रदर्शित करती है।

वह एकमात्र डिज्नी राजकुमारी है जिसकी आँखें भूरे रंग की हैं और वह 17 वर्ष की है। वह अपना एक्शन मॉडल एरियल संग दिखाती है अपना नाच ऑरोरा के साथ 'स्लीपिंग ब्यूटी' में दिखाती है।

**अध्यापक के लिए**—अध्यापक को राजकुमारी की सुंदर दुनिया का अन्वेषण करना चाहिए। विद्यार्थियों को भी स्कूल के फैंसी ड्रेस शो में इन राजकुमारियों के वस्त्र पहनने चाहिए।

राजकुमारी जारीना राज्य में किसी अन्य लड़की से अधिक सुंदर थी। किन्तु वह बहुत अजीब थी। उसे कुछ भी खुश नहीं करता था। उसके अजीब व्यवहार से उसके माता-पिता परेशान थे। जो भी उसके पिता कहते, वह इन सबको अस्वीकार कर देती। कई समस्याओं के पश्चात, उसका विवाह राजकुमार से हुआ जिसे उसके पिता ने, ओलिवर नामक एक अक्लमंद युवक की बात मानकर अस्वीकार कर दिया था।

मध्यकालीन युग में जेरूसस नामक एक प्रसिद्ध राजा था। वह अपने राज्य में बहुत लोकप्रिय था। उसके केवल एक ही पुत्री थी मगर कोई पुत्र न था। पुत्री बहुत सुंदर थी। उसका नाम राजकुमारी जारीना था। वह राज्य में किसी अन्य कन्या से अधिक सुंदर थी। किन्तु वह बहुत अजीब थी। वह किसी भी वस्तु से प्रसन्न नहीं होती थी। उसके अजीब व्यवहार से उसके माता-पिता भी परेशान थे।

एक दिन राजा उसके लिए एक सुंदर हीरों का हार लाए किन्तु वह बोली, ''मुझे हीरों से घृणा है।'' उसके जन्मदिन पर राजा उसके लिए सबसे सुंदर सुनहरे नकल वाले सफेद सैंडिल, जो वह ढूँढ सकते थे, लाए। उसने उन्हें देखा और बोली, ''चमकीले बकल वाले सुनहरे सैंडिल अधिक सुनहरे और अच्छे होते हैं।''

गर्मी के मौसम में, राजा उसे छुट्टियों पर पहाड़ों में ऊपर ले गई किन्तु वह प्रसन्न नहीं थी। वह अपने पिता से बोली, ''मुझे नदियों, बर्फ और पहाड़ों से नफरत है। मुझे समुद्र से प्रेम है।''

एक युवा चरवाहा, ओलिवर, राजधानी में आया। उसने एक वृद्ध से कहा, ''मैं राजधानी में अपना खजाना बनाने आया हूँ। ऐसा कैसे करूँ, कृपया मुझे बताइए।'' ''मुझे नहीं मालूम आप ऐसा कैसे कर सकते हैं,'' वृद्ध व्यक्ति बोला। ''इस नगर में प्रत्येक राजकुमारी जारीना तथा उसके अजीब व्यवहार के बारे में बातें करता है। अनेक राजकुमार नगर में आए हुए हैं। राजा चाहते हैं कि राजकुमारी उनमें से किसी एक को अपना पति चुन लें। तुम राजकुमारी जारीना से विवाह करने की कोशिश क्यों नहीं करते?''

इसलिए, ओलिवर महल को गया। वहाँ उसने एक राजकुमार को देखा। वह राजकुमार पीटर था। वह बहुत सुंदर था। वह उसके द्वारा देखे गए किसी अन्य से अधिक होशियार व सुंदर था। ''यहाँ इंतजार करने का कोई फायदा नहीं है,'' ओलिवर ने सोचा। ''राजकुमारी को आकर्षित करने के लिए मुझे कुछ और करना होगा।''

ओलिवर ने फूलों की एक टोकरी खरीदी, महल के बगीचे में गया और राजकुमारी की प्रतीक्षा करने लगा। जब वह आईं तो वह उसके सामने झुका और बोला, ''मैं राजकुमार से गरीब हूँ किन्तु तुम्हारे लिए ये सुंदर फूल लाया हूँ। क्या तुम इन्हें लेकर मुझसे विवाह करोगी?''

ओलिवर के आश्चर्य का ठिकाना न रहा जब राजकुमारी ने फूल लिए और बोली, ''हाँ, मैं तुमसे विवाह करूँगी। तुम क्यों नहीं आकर मेरे पिता से मिलते?''

जब राजा ओलिवर से मिले तो वह क्रोध से लाल हो गए। वे अपनी पुत्री से बोले, ''राजकुमार पीटर तुमसे विवाह करना चाहता है। तुम क्यों इस दरिद्र आदमी से विवाह करना चाहती हो?''

किन्तु राजकुमारी ने अपना मन बना लिया था। वह ओलिवर के लिए नए वस्त्र व जूते लाई। किन्तु राजकुमारी वास्तव में प्रसन्न नहीं थी। ''तुम राजकुमार पीटर की तरह बात क्यों नहीं करते?''

तुम राजकुमार पीटर की तरह क्यों नहीं चलते? तुम राजकुमार पीटर की तरह क्यों नहीं दिखते?'' वह कहती रहती। यह स्पष्ट था कि उसे राजकुमार पीटर से प्रेम था।

एक दिन ओलिवर उसे और न झेल पाया। ''तुम्हें राजकुमार पीटर इतना पसंद है तो उससे विवाह क्यों नहीं कर लेतीं?'' उसने उससे पूछा।

''मुझे ऐसा करना वाकई अच्छा लगेगा,'' उसने ओलिवर को बताया। ''किन्तु मैं वैसा नहीं करूँगी जैसे मेरे पिता कहेंगे। मैंने अपने पिता को क्रोध दिलाने के लिए तुम्हें चुना था।''

ओलिवर इन शब्दों को सुनकर बहुत दुखी हुआ। उसने राजकुमारी से विवाह नहीं करने का निर्णय लिया। वह राजा के पास गया। ''महाराज,'' वह बोला, ''मुझे क्षमा करें किन्तु मुझे आपको कुछ राय देनी है। कृपया अपनी पुत्री को कहिए कि राजकुमार पीटर एक दुष्ट व्यक्ति है। कृपया उससे कहिए कि आप चाहते हैं कि वह उससे विवाह न करे। तब वह उससे विवाह कर लेगी। उसे क्या करना है, वह यह निर्णय लेना चाहती है। वह नहीं चाहती कि कोई उसे बताए कि क्या करना है।''

''मैं कुछ भी करूँगा,'' दुखी राजा बोला। उसने ओलिवर की राय मानी और एक महीने के भीतर ही राजकुमारी जारीना का विवाह राजकुमार पीटर से हो गया।

राजा समझ गए कि ओलिवर होशियार है और इसलिए उसे अपना मंत्री बना लिया। इससे ओलिवर ने अपना खजाना लिया और राजा को प्रसन्न किया।

## Creative Exercise

**TEXTUAL STUDY**

**A. Answer the following questions :**

1. Jerusus was a popular king of the medieval period while Czarina was his only daughter.
2. Princess Czarina was really beautiful.
3. Princess Czarina was a difficult girl as nothing seemed to please her. Whatever her parents did for her, she wanted just the opposite.
4. Oliver came to the capital to make his fortune.
5. Prince Peter was a prince who was smarter and more handsome than anyone else had seen.
6. Oliver bought a basket of flowers to present them to the princess.
7. The king called Oliver penniless because he was a poor man who had no wealth nor fortune.

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (a) **2.** (b) **3.** (d) **4.** (b)
**5.** (b)

**C. Fill in the following blanks from the lesson :**

**1.** beautiful **2.** strange **3.** husband **4.** mountains
**5.** marry **6.** Peter **7.** minister

**VOCABULARY SKILL**

**D. Match the following words :**

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | buckle | moved into a position with the lower legs bent back |
| **2.** | fortune | surprise |
| **3.** | knelt | entrusted |
| **4.** | amazement | a piece of metal for fastening a strap |
| **5.** | confided | luck, chance |

## Comprehensive Exercise

**GRAMMAR SKILL**

**A. Fill in the blanks with correct form of the verbs given in brackets:**

1. I shall **see** her tomorrow.
2. The doctor has **advised** me complete rest.
3. I, who **is** your friend, will help you.
4. The earth **moves** around the sun.
5. She will **arrive** here next week.
6. We could not **reach** the college in time.
7. Either Mohan or Hari **has** stolen my pen.
8. They **had** to pay the penalty last year.
9. He **built** a big house for his family.
10. She **goes** to school on foot.

**B., C., D., Do it yourself.**

## Improvement Activities-3
## (Lesson 7, 8, 9)

**A. Answer the following questions :**

1. According to the grandmother, learning is not worth one's time. She did not like it.
2. Malasha, and Akulya were dressed in new clothes because they had just been to the church.
3. While the adults were quarrelling, the two little girls were busy at the puddle, making a channel, through which the water could run out onto the street.
   This tells us that the two girls were innocent who had already forgotten about the incident.
4. Our attitude towards our work should be, "to be the best of whatever we are."

5. Princess Czarina was a difficult girl as nothing seemed to please her. Whatever her parents did for her, she wanted just the opposite.

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (d) **2.** (a) **3.** (a) **4.** (d) **5.** (b)

**C. Write True or False :**

**1.** True **2.** True **3.** True **4.** True **5.** False

**D. Match the following words :**

| | |
|---|---|
| **1.** rugs | travelling by a carriage which slides upon snow |
| **2.** captive | cry aloud |
| **3.** embraced | carpets |
| **4.** sledging | confined |
| **5.** howl | covered |

**E. Fill in the blanks with appropriate conjunctions :**

1. I shall see you tomorrow **or** day after tomorrow.
2. Make haste **or** we shall miss the train.
3. She is more beautiful **than** her sister.
4. I don't know the reason **why** he is giving up the job.
5. Please wait here **until** I return.

# 10. Adventure with Bear

## हिन्दी अनुवाद

## तैयार हो जाइए

अनेक जंतु शाकाहारी होते हैं। सब्जियाँ व फल स्वास्थ्यवर्द्धक होते हैं। हमें माँसाहारी भोजन से बचना चाहिए क्योंकि जंतुओं व पक्षियों को मारना अच्छा नहीं है। हमें जंतुओं की रक्षा एवं उनका ध्यान रखना चाहिए।

प्रिय बंदर, मूँगफली और केले तुम्हारे लिए।

दूध तुम्हारे लिए अच्छा है, मि० हिस्स।

अंकल, सेब पकड़ो।

आपको केले व गन्ने अच्छे लगेंगे, मि० अप्पू।

मुझे शहद प्रिय है।

फलियाँ और चने आप सबके लिए अच्छे व स्वास्थ्यवर्द्धक हैं।

मि० शेरू, शाकाहारी बन जाइए। बंदगोभी व अनार का आनंद लीजिए।

**अध्यापक के लिए**—छात्रों से जंतुओं से मित्रतापूर्ण व्यवहार करने को कहिए। छात्रों को शाकाहारी होने का महत्त्व भी बताइए।

सामान्यत: भालू माँस खाता है किन्तु इस कहानी के भालू ने कभी माँस नहीं चखा था। वह बहुत अच्छा व मजेदार है। कहानी पढ़िए व पता कीजिए।

किसी समय एक वृद्ध महिला थी जो स्वीडन के उत्तर में ऊँचाई पर स्थित विशाल वन के किनारे अच्छे बड़े घर में रहती थीं। इस महिला का एक पालतू भालू था। वह उसे बहुत प्रेम करती थी। वह उसे भूख से अधमरा मिला था, इतना छोटा व निसहाय कि उसे महिला और उनकी वृद्ध रसोइए द्वारा बोतल पर पाल-पोस कर बड़ा किया गया था।

वह कई वर्ष पहले की बात है और, अब वह बड़ा भालू बन गया था, इतना बड़ा व शक्तिशाली कि अगर वह चाहे तो एक गाय को मारकर अपनी बाँहों में लेकर भाग जाए; किन्तु वह ऐसा नहीं करना चाहता था। वह सबसे अधिक मैत्रीपूर्ण भालू था जो किसी भी, मानव अथवा जंतु को चोट पहुँचाने के बारे में नहीं सोचता था। वह अपने घर के बाहर बैठा रहता था तथा अपनी छोटी, समझदार आँखों से, पास ही के मैदान में घास चरती गायों को बहुत मैत्रीपूर्ण तरीके से देखता रहता।

अस्तबल में रहने वाले अस्त-व्यस्त बालों वाले पहाड़ी टट्टू उसे अच्छे से जानते थे और बिल्कुल भी बुरा न मानते जब वह अस्तबल में अपनी मालकिन के साथ आ जाता। बच्चे उसकी पीठ पर सवारी करते और एक से अधिक बार उसके घर में उसकी बाँहों के बीच सोते पाए गए। तीनों लैपलैंड कुत्ते उसके साथ हर प्रकार के खेल खेलना, उसके कान व छोटी पूँछ खींचना पसंद करते किन्तु वह जरा भी बुरा न मानता। उसने कभी माँस न चखा था, वह भी सामान्य भोजन—रोटी, दलिया, आलू, बंदगोभी, शलजम खाता जो कुत्ते खाते और अक्सर उनकी प्लेट से ही। उसकी भूख अच्छी थी किन्तु उसकी मित्र रसोइया ध्यान रखती कि उसे पेट भर भोजन मिले।

भालुओं को अगर मौका मिले तो वे शाकाहारी होते हैं और फल उन्हें अति प्रिय हैं। पतझड़ के मौसम में वह बगीचे में बैठकर पकते सेबों को ललचाई आँखों से देखता और जब वह छोटा था तो वह पेड़ पर चढ़कर कुछ को खाने से स्वयं को न रोक पाता था। भालू चलने में धीमे व बेढ़ंगे लगते हों किन्तु किसी भालू को सेब के पेड़ पर चढ़ते देखिए तो आप जल्दी ही जान जाएँगे कि वे इस खेल में स्कूल के किसी भी लड़के को आसानी से हरा देंगे।

वह अब समझ गया था कि ऐसा करना नियम के विरुद्ध था किन्तु वह धरती पर गिरने वाले सेबों के लिए अपनी छोटी आँखें पूरी खुली रखता। मधुमक्खियों के छत्तों के बारे में भी कुछ समस्याएँ हुई थीं, और उसे इसके लिए दो दिन जंजीर पर बँधे रहने की सजा भी मिली थी। अन्यथा उसे रात के सिवाय कभी भी जंजीर पर नहीं बाँधा जाता था और यह ठीक भी था क्योंकि भालू, कुत्तों की तरह ही, कुछ गुस्सैल हो जाते हैं और अगर वे जंजीर से बँधे हो और घूमने को न मिले। उसे जंजीर से रविवार को भी बाँधा जाता जब उसकी मालकिन, दोपहर बिताने के लिए, अपनी विवाहित बहन के पास जाती, जो पहाड़ी झील के दूसरी ओर एक अकेले घर में रहती, जहाँ जाने के लिए घने वन में एक घंटा पैदल चलना पड़ता। वन में, अपने भिन्न लालच के साथ, घूमना उसके लिए अच्छा नहीं माना जाता था, अत: सुरक्षित रहना ही बेहतर था। वह एक खराब नाविक भी था और एक बार वह अचानक आई तेज हवा से इतना डर गया था कि उसने नाव डाँवाडोल कर दी थी जिससे उसे व उसकी मालकिन को तैरकर किनारे आना पड़ा था।

अब वह अच्छी तरह जानता था कि जब रविवार को उसकी मालकिन उसे जंजीर से बाँधती और प्यार से बात करके उसे सेब देने का वादा करती कि जब वह गई हों और वह अच्छा

रहा तो, तो उसका क्या अर्थ है। वह दुखी होता किन्तु उस अच्छे कुत्ते की तरह बुरा न मानता, जिसे उसकी मालकिन ने बताया हो कि वह उसके साथ टहलने नहीं आ सकता।

एक रविवार, महिला ने उसे सदा की तरह जंजीर पर बाँधा और वह वन के आधे रास्ते में ही थी, कि उसने सोचा कि उसने अपने पीछे फुटपाथ पर अचानक वृक्ष की टहनी चटकने की आवाज सुनी। उसने पीछे देखा तो, भालू को जितनी तेज हो सके उतनी तेजी से आते देख, बहुत गुस्सा हुई। भालू देखने में धीमे चलने वाले प्रतीत होते हैं किन्तु वे दौड़ते घोड़े से अधिक तेजी से चलते हैं।

एक ही मिनट में वह हाँफता हुआ, उसके पैरों के पास, कुत्ते की तरह, अपना स्थान लेने के लिए, उस तक पहुँच चुका था। महिला बहुत क्रोधित हुई क्योंकि वह दोपहर के भोजन के लिए पहले ही देर हो चुकी थी, उसे वापस घर ले जाने के लिए समय न था, वह उसे अपने साथ न ले जाना चाहती थी और उसके अलावा, उसने चेन तोड़कर व उसकी आज्ञा न मानकर बहुत शैतानी का काम किया था।

उसने उसे छाते से धमकाते हुए, अपनी सबसे कड़क आवाज में घर जाने के लिए कहा। वह एक क्षण को रुका और उसे अपनी चालाक आँखों से देखा, किन्तु वह वापस नहीं जाना चाहता था और उसे सूँघता रहा। जब महिला ने देखा कि उसने अपना नया कॉलर (गले का पट्टा) भी खो दिया है तो वह और क्रोधित हो गई और उसकी नाक पर अपने छाते से इतना जोर से मारा कि वह दो भागों में टूट गया। वह रुक गया, अपना सिर हिलाया और अनेक बार अपना बड़ा मुँह खोला जैसे वह कुछ कहना चाह रहा हो। फिर वह वापस घूमा और जिस रास्ते से आया था उसी पर वापस धीरे-धीरे जाने लगा। बीच-बीच में रुक कर महिला को भी देखता रहा जब तक वह आँखों से ओझल न हो गई।

जब वह महिला शाम को घर आई तो वह अपने घर के बाहर अपने स्थान पर बैठा हुआ दुखी लग रहा था। महिला अभी भी बहुत क्रोधित थी, उस तक गई और उसे बहुत जोर से डाँटने लगी और बोली कि उसे सेब व रात को भोजन नहीं मिलेगा और साथ ही वह दो दिन के लिए जंजीर से बँधा रहेगा। वह वृद्ध रसोइया, जो भालू को अपने पुत्र के समान ही प्रेम करती थी, रसोई से बहुत गुस्से में तेजी से बाहर आई।

''उसे क्यों डाँट रही हैं, मैडम?'' रसोइया बोली। ''वह दिन में सोने की ही तरह खरा रहा है, ईश्वर उसका भला करे! वह दिन भर वहीं पर, देवदूत के समान सौम्य, चुपचाप बैठा रहा है, पूरे दिन वह आपके आने की प्रतीक्षा में गेट को ताकता रहा है।''

वह कोई अन्य भालू था।

## Creative Exercise

### TEXTUAL STUDY

**A. Answer the following questions :**

1. The bear in this story ate bread, porridge, potatoes, cabbages, turnips etc., just as the dogs.
2. The bear was put on the chain continuously for two days because of some difficulties about the beehives. He was generally put on a chain on Sundays whenever his mistress went to spend the afternoon with her married sister.

3. When his mistress put him on a chain on Sunday, she promised to give him an apple on her return. On this, the bear was satisfied.
4. One Sunday, when the mistress was on her way to her sister's home after chaining the bear for the day, she heard the cracking of a tree branch on the footpath behind her. She saw the bear coming along to be with her. This was the incident which made her angry with the bear.
5. When the mistress saw the bear besides her, she threatened him with her umbrella and ordered him in her sternest voice to go back at once. When she saw that he had even lost his new collar, she got even more angry and hit him on the nose with the umbrella.

**B. Tick (✓) the correct options :**

**1.** (b) **2.** (b) **3.** (c) **4.** (b)

**C. Write True or False :**

**1.** True **2.** True **3.** False **4.** True

**VOCABULARY SKILL**

**D. Match the following words :**

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | kennel | food |
| **2.** | stable | clumsy |
| **3.** | porridge | check |
| **4.** | irritated | dog's home |
| **5.** | awkward | horse's home |
| **6.** | resist | annoyed |

## Comprehensive Exercise

**GRAMMAR SKILL**

**A. Change the following sentences into Active Voice :**

1. The master will beat his dog.
2. The terrorists are following us.
3. I have washed all the plates.
4. I sent him the letter.
5. Everyone likes mangoes.
6. We will have welcomed the guests.
7. We locked the doors.
8. Himani sung the song.
9. The new teacher will teach history.
10. I myself washed my clothes.

**B. Do it yourself.**

**C. Do it yourself.**

**D. Do it yourself.**

**E. Do it yourself.**

# A Tiger in the Zoo

## चिड़ियाघर में एक बाघ

## हिन्दी अनुवाद

'चिड़ियाघर में एक बाघ' लेस्ली मॉरिस द्वारा एक सुंदर कविता है। कविता चिड़ियाघर से वन को जाती है और वहाँ से हमें वापस चिड़ियाघर वापस ले आती है। अपने प्राकृतिक वातावरण में, बाघ प्रसन्न है और खुशी से भरा हुआ है।

अपनी चमकीली धारियों में वह रौबदार चाल चलता है,
अपने पिंजरे में कुछ कदम,
मखमली शान्ति वाले माँसल गद्दियों पर
अपने शान्त क्रोध में।
उसे छाया में छुपते चलना चाहिए,
लंबी घास में फिसलते हुए
जल के तालाब के पास,
जहाँ मोटे हिरण विचरते हैं।
उसे मकानों के आस-पास गुर्राना चाहिए
जो जंगल के किनारे बसे हैं,
अपने सफेद नुकीले दाँत, अपने पंजे दिखाते हुए,
गाँव को डराते हुए!
किन्तु वह कंक्रीट की कोठरी में बंद है,
सलाखों के पीछे उसकी ताकत,
अपने पिंजरे की लंबाई नापते हुए
आगतुंकों को अनदेखा करते हुए।
रात को वह अंतिम आवाज सुनता है,
चौकीदारी करती गाड़ियों की,
और चमकीली आँखों से घूरता है,
चमचमाते हुए सितारों को।

## Creative Exercise

**TEXTUAL STUDY**

**A. Answer the following questions :**

1. The tiger stalks in his vivid stripes.
2. His pads are vivid quiet.
3. In the jungle, the tiger lurked in the shadow and slide through the long grass, near the water hole, where plump deer passed. He snarled around houses at the jungle's edge and terrorized the village with his white fangs and claws.

4. He terrorized the villagers.
5. The tiger is locked in a concrete cell.

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (a) **2.** (b) **3.** (c) **4.** (b)

**VOCABULARY SKILL**

**C. Find out the rhyming words from the poem :**

cage **edge** grass **pass** edge **village**
bars **cars** cars **stars**

**D. Do it yourself.**

# 11. The Mathematicians

**हिन्दी अनुवाद**

**तैयार हो जाइए**

हमने बॉलीवुड न हॉलीवुड की फिल्मों में विभिन्न प्रकार के दूसरी दुनिया के मानव (एलियंस) देखे हैं। अनेक आधार पर एलियंस मानवों से भिन्न होते हैं। इन चित्रों को देखिए। ये विभिन्न चेहरों वाले एलियंस हैं जैसे कि फिल्मों में दिखाए जाते हैं। क्या आपके अनुसार एलियंस ऐस दिखते हैं? अपने मित्रों से चर्चा कीजिए।

— एलियंस के बारे में कुछ पुस्तकों और फिल्मों के नाम बताइए।

— आपकी प्रिय एलियन फिल्म कौन-सी है और क्यों?

— कल्पना कीजिए कि आप किसी एलियन से मिले। आपकी प्रतिक्रिया कैसी होगी?

— अगर आप एलियन से कुछ प्रश्न पूछ सकते हो, तो आप क्या पूछेंगे?

— हलो, श्रीमान मानव! हलो, श्रीमान एलियन!

**अध्यापक के लिए**—छात्रों को एलियंस की दुनिया के बारे में बताइए। कई बार विश्व के विभिन्न भागों में एलियंस देखे जाते हैं।

यह कहानी एलियंस के बारे में है। इन एलियंस के कंधों से उगते हुए दो लंबे पंख थे जो हरे परों से ढँके थे। जोई के पिता उसे बाहरी अंतरिक्ष से आए इन एलियंस द्वारा पृथ्वी पर आक्रमण के बारे में कहानी बताते हैं। कहानी पढ़िए और मानवों को क्या हुआ, के बारे में पता कीजिए।

वे बगीचे में थे। ''अब, जोई,'' जेनिया हॉकिंस ने अपनी नौ वर्षीय बेटी से कहा, ''इधर-उधर घूमना बंद करो, और पापा तुम्हें एक कहानी बताएँगे।''

जोई हैमक (झूले) में बैठ गई।

''एक सच्ची कहानी, पापा?''

''यह एकदम ऐसे ही हुई थी जैसा कि मैं तुम्हें बताने जा रहा हूँ,'' जोई के गुलाबी गाल को दबाते हुए ड्रेक हॉकिंस बोले। ''अब, दो हजार ग्यारह वर्ष 1985 में, उस समय के पृथ्वी के कैलेंडर के अनुसार, डॉग-तारे सीरियस के एक कबीले वालों ने पृथ्वी पर आक्रमण कर दिया।''

''और यह प्राणी कैसे दिखते थे, पापा?''

''अनेक मायनों में मानवों जैसे। उनमें प्रत्येक के दो हाथ, दो पैर और वे सारे अंग थे जो मानवों के होते हैं।''

''क्या मानवों और तारा-प्राणियों में कोई भी अंतर नहीं था, पापा?''

''था। उन प्रत्येक नए आने वालों के कंधों से हरे परों से ढँके हुए दो पंख और लंबी बैंगनी पूँछ थी।''

''वहाँ कितने प्राणी थे, पापा?''

''पूरे तीस लाख और इकतालीस नर व मादा व्यस्क। यह प्राणी सबसे पहले सार्डीनिया के टापू पर नजर आए। पाँच सप्ताह के समय में वे पूरी दुनिया के मालिक थे।''

''क्या पृथ्वी वासियों ने प्रतिरोध नहीं किया, पापा?''

''मानव आक्रमणकारियों से गोलियों, सामान्य बमों, सुपर ऐटम बम व गैसों से लड़े।''

''वह किस प्रकार की वस्तुएँ थीं, पापा?''

''ओह, उन वस्तुओं का अस्तित्व लंबे समय पहले समाप्त हो गया। वे 'गोला-बारूद' कहलाते थे। मानव एक-दूसरे से ऐसी वस्तुओं से लड़ते थे।''

''और विचारों से नहीं, जैसे कि हम अब करते हैं, पापा?''

''नहीं, बंदूकों से, जैसा कि मैंने तुम्हें बताया। किन्तु आक्रमणकारी गोला-बारूद से प्रशिक्षित थे।

''प्रतिरक्षा का क्या अर्थ है?''

''हानि से रक्षा। तब मानवों ने तारा-प्राणियों के विरूद्ध कीटाणु और विषाणुओं का उपयोग किया।''

''यह वस्तुएँ क्या होती हैं?''

''बहुत छोटे कीड़े जो कि मानवों ने आक्रमणकारियों को बीमार करके मारने के लिए उनके शरीर में भीतर डालने की कोशिश करी। किन्तु उन तारा-प्राणियों पर कीड़ों का कोई प्रभाव नहीं हुआ।''

''लगे रहिए, पापा। इन प्राणियों ने पूरी पृथ्वी पर कब्जा कर लिया। वहाँ से बताइए।''

''तुम्हें मालूम होना चाहिए। यह नए आने वाले पृथ्वी वासियों से अधिक बुद्धिमान थे। वास्तव में, यह आक्रमणकारी व्यवस्था में सबसे अच्छे गणितज्ञ थे।''

''व्यवस्था क्या है? और गणितज्ञ का क्या अर्थ है?''

''आकाशगंगा। गणितज्ञ वे होता है जो रेखाचित्र बनाने, तोलने, मापने और अंकों के साथ बुद्धिमान होता है।''

''तब पापा, आक्रमणकारियों ने सारे पृथ्वी वासियों को मार डाला।''

''सारे नहीं। उन्होंने अनेक मार डाले किन्तु कई दूसरों को गुलाब बना लिया गया। जिस प्रकार से मानवों ने घोड़ों व मवेशियों का उपयोग किया, नए आने वालों ने मानवों का उपयोग किया।''

''पापा, यह तारा-प्राणी किस प्रकार की भाषा का उपयोग करते थे?''

''एक बहुत साधारण भाषा, किन्तु मानव उसे कभी भी समझ नहीं पाए। इसलिए, आक्रमणकारी, चूँकि वे अधिक अक्लमंद थे, दुनिया की सारी भाषाओं में पारंगत हो गए।''

''पृथ्वीवासी आक्रमणकारियों को क्या पुकारते थे, पापा?''

''एन-विल, आधे देवदूत, आधे दानव।''

''तब, पापा, जब पृथ्वी पर एन-विल ने मानवों को गुलाम बना लिया, क्या हर ओर शान्ति हो गई है?''

''कुछ समय के लिए। तब सबसे बहादुर मानवों में से कुछ, अपने नेता नोऑल के साथ, ग्रीनलैंड के भीतर की ओर भाग गए।'' यह नोऑल पृथ्वी पर सबसे अमीर मानव था। गंभीरता से कुछ सोचने के बाद नोऑल ने पृथ्वी को एन-विल से छुटकारा दिलाने के लिए रास्ता तलाश लिया।''

''कैसे, पापा?''

''उसने इन एन-विल को मानवीय भावनाओं से इंब्यू का तरीका ढूँढ़ निकाला, जिसे नोऑल-ह्यूज-इलिंस्की तकनीक कहते हैं।''

''इंब्यू का क्या अर्थ है?''

''उसने उन्हें भर दिया और उन्हें अवगत बनाया।''

जेनिया ने टोका, ''क्या तुम बच्ची की समझ से थोड़ा ऊपर बातें नहीं कर रहे, ड्रेक?''

''नहीं, माँ,'' जोई बोली। ''पापा ने जो समझाया, मैं समझ गई।''

''इस तरह, नोऑल, ''ड्रेक बोलते रहे,'' ने एन-विलों को मानवीय भावनाओं जैसे प्रेम, घृणा, महत्त्वाकांक्षा, द्वेष, ईर्ष्या, डाह, निराशा, आशा, भय, शर्म आदि से भर दिया। बहुत जल्दी, एन-विल मानवों की तरह हरकते कर रहे थे, और दस दिनों में, भयंकर युद्धों ने एन-विलों की दो-तिहाई जनसंख्या का सफाया कर दिया।''

''तब, पापा क्या एन-विलों ने अंतत: एक दूसरे को मार डाला?''

''लगभग, जब तक उनमें से जालिबार नामक एक प्राणी है, जो पवित्रता और अनुनय से भरा था, सारे एन-विलों को भाईचारा सिखाया। आक्रमणकारियों ने जल्दी से अपने झगड़े समाप्त किए, और तब पृथ्वी वासियों को और अधिक गुलाम बनाया गया।''

''ओह, पापा, तब क्या ग्रीनलैंड में नोऑल और उनके समर्थक उदास नहीं थे कि जिस प्रकार से चीजें हुई थीं?''

''कुछ समय के लिए। तब नोऑल ने निर्णायक तरीका ढूँढ निकाला।''

''क्या यह स्लैंग है, पापा? निर्णायक तरीका?''

''हाँ। अंतिम विचार, अगर अन्य सब असफल हो जाए।''

''मैं समझ गई, पापा। वह विचार जो दूसरी ओर के किसी भी वस्तु से बेहतर हो। वह क्या था, पापा? उनके पास क्या था?''

''नोऑल ने एन-विल को विषाद से भर दिया।''

''विषाद क्या होता है?''

''घर की याद आना।''

''ओह, पापा। क्या नोऑल स्मार्ट नहीं थे? इसका अर्थ है कि एन-विल जिस तारे से आरंभ हुए थे उसी पर उड़कर वापस जाने की इच्छा से भर गए।''

''बिल्कुल सही। इसलिए एक दिन सारे एन-विल, एक विशाल सेना, अपने हरे पंखों को हिलाते हुए उत्तरी अमेरिका की काली पहाड़ियों में एकत्रित हुए, और एक सिग्नल मिलते ही, वे पृथ्वी से ऊपर उठ गए और सारे मानव ''महिमा, महिमा, हमारी मुक्ति का दिन! जप रहे थे।''

''इस तरह, पापा सारे एन-विल पृथ्वी से उड़ गए?''

''सारे नहीं। वहाँ दो बालक एन-विल, एक नर व एक मादा, दो वर्ष की उम्र के, जो पृथ्वी पर जन्मे थे। वे सारे दूसरे एन-विलों के साथ आरंभ हुए और आकाश में उड़ गए। किन्तु जब वे बाह्यमंडल की ऊपरी परत में पहुँचे, वे हिचकिचाए, वापस मुड़े और फड़फड़ाते हुए पृथ्वी पर वापस आ गए, जहाँ उनका जन्म हुआ था। उनके नाम जीजा व जीजो थे।''

''और जीजो और जीजा को क्या हुआ, पापा?''

''अच्छा, सारे एन-विलों की तरह, वे महान गणितज्ञ थे। इसलिए, उनकी संख्या में गुणन हो गया।''

''ओह पापा,'' अपने पंखों को प्रसन्नता से फड़फड़ाते हुए जोई हँसी, ''यह तो बहुत अच्छी कहानी थी!''

## Creative Exercise

### TEXTUAL STUDY

**A. Answer the following questions :**

1. Zoe was eager to listen to a story.
2. Humans treated animals like horses and cattle with cruelty, killed them and enslaved them.
3. Knowall was the richest human on earth. He found a way rid the earth of the An-vils.
4. Humans fought the invaders with ammunition such as bullets, ordinary bombs, super-atom bombs and gases. Later, they used germs and bacteria against the star-beings.
5. When the An-vils were filled with human emotions, terrible wars happened which wiped out the An-vils population by two-thirds.
6. Zoe and her family were not humans but An-vils.

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (b) **2.** (a) **3.** (b) **4.** (c)

**C. Write True or False :**

**1.** False **2.** True **3.** True **4.** True
**5.** False **6.** False

### VOCABULARY SKILL

**D. Match the following words :**

1. hammock → a large net
2. nostalgia → homesickness
3. slang → normal language
4. enslaved → made slave of
5. newcomers → strangers
6. invaders → enemies
7. globe → earth
8. deliverance → rescue

**E. Write words ending in ed to replace the words in bold in these sentences :**

**1.** softened **2.** saddened **3.** brightened **4.** thickened **5.** hardened

## Comprehensive Exercise

**GRAMMAR SKILL**

**A. Change the following Direct into Indirect Speech :**

1. The teacher told Mona that her essay was well written.
2. My friend told me that my uniform was very written.
3. Raju said that he would meet Shyam the next day.
4. Himani asked me whether I had watched that movie.
5. Sparsh asked me as to who was the new teacher.
6. The policeman ordered Mohit to move his car immediately.
7. The teacher told me to finish my work on time.
8. Rani told Alka that their school had won the match.
9. Sister asked me not to make fun of him.
10. Mother asked me to wait for a few minutes.
11. Cheena said that she never tells a lie.
12. They said that Alka looks beautiful.

**B., C., D., E., F., Do it yourself.**

# 12. The Dragon Park

### हिन्दी अनुवाद

### तैयार हो जाइए

ड्रैगन एक विशाल, सर्प जैसा प्रसिद्ध जंतु होता है जिसका विश्व की अनेक संस्कृतियों की लोक कथाओं में वर्णन है। इसे मुँह से अग्नि निकालने में सक्षम, चार पैरों, पंख और सींगों वाला दिखाया जाता है।

ड्रैगनों के अधिकांश विशाल सरीसृप अथवा छिपकली जैसा जंतु दर्शाया जाता है। कभी-कभी उन्हें हरी शल्की त्वचा, पंख तथा लाल आँखों वाला दिखाया जाता है।

ड्रैगन पौराणिक जंतु होते हैं जिनका वर्णन कला, लोककथाओं में होता है।

ड्रैगन अनेक प्रकार के होते हैं। कुछ ड्रैगन आग निकालते हैं, कुछ उड़ते हैं और कुछ बर्फ निकालते हैं।

चीनी नव वर्ष पर अनेक ड्रैगन नाच व सजावटें होती हैं। ड्रैगन को चीन में बहुत भाग्यशाली माना जाता है।

**अध्यापक के लिए**—छात्रों को ड्रैगन के प्रकार तथा उनके बारे में तथ्य बताइए। एक ड्रैगन प्रोजेक्ट भी बनाया जा सकता है।

एक घाटी में लोगों का मानना है कि एक विशाल शिला, जो एक सोते हुए ड्रैगन की भाँति

लगती है, मुसीबत के समय उनकी सहायता करेगी। क्या होता है जब घाटी में बहुत गर्म व शुष्क गर्मी का मौसम होता है?

यह कहानी 'एक समय में' के साथ आरंभ होती है जैसा कि सबसे अच्छी कहानियों में होता है। इसलिए, एक समय में, जैसा कि आप कल्पना कर सकते हैं, एक तीव्र ढलान वाली घाटी थी जो विशाल, नुकीले, हरे देवदार के वृक्षों व मोटी, हरी घास से भरी पड़ी थी। जंगली फल शान्त वायु के साथ अपनी मीठी मदमस्त गंध बिखेरते हैं और मधुमक्खियाँ स्वयं को संगीतमय ध्वनि गुनगुनाते हुए प्रसन्नता से फूलों से पराग चुनती हैं।

यहाँ लोग बहुत प्रसन्न हैं और वे अपने घरों को चमचमाते और अपने बच्चों के चेहरे साफ रखने में मेहनत करते हैं।

यह विशेष गर्मी का मौसम बहुत गर्म और शुष्क रहा है, जिसने फार्म के पतले कुत्तों को उनींदा और शान्त बना दिया है। किसान सुस्ती से स्वयं को सीटी सुनाते हैं और यह याद करने की कोशिश करते हुए कि उन्हें क्या करना था, दूरी को घूरते हैं। दोपहर में दो बजने तक गाँव में नींद का गुबार छा जाता और दादी माएँ अपनी बुनाई करते हुए सो जाती और किसान सूखी घास के ढेरों पर खर्राटे लेने लगते।

बहुत, बहुत गर्मी थी।

दिन कितना ही गर्म हो किन्तु बच्चे हल्की ढलानों वाले घास के मैदानों में सदा खेलते। चौड़ी किनारी वाले टोप लगाए वे गौरैया की तरह चहचहाते व चीं-चीं करते, जब वे अपने प्रिय स्थान पर उछल-कूद करते।

अब, इस कहानी में उनका प्रिय स्थान बहुत महत्त्वपूर्ण है क्योंकि इस विशेष स्थान पर एक बड़ी, लंबी, शल्की चट्टान है जो आश्चर्यजनक रूप से एक सोते हुए ड्रैगन के समान दिखता है।

बच्चों को पता था कि वह एक ड्रैगन था।

बड़ों को पता था कि वह एक ड्रैगन था।

कुत्ते और बिल्लियाँ और पक्षी जानते थे कि वह एक ड्रैगन था। किन्तु कोई डरा नहीं था क्योंकि वह कभी भी हिलता नहीं था।

लड़के व लड़कियाँ उसके ऊपर चढ़ते रहते, उसमें लकड़ियाँ चुभाते रहते और उसके कानों पर गीले जूते सुखा देते किन्तु वह तनिक भी बुरा नहीं मानता था। कभी-कभी पुरुष उसकी टेढ़ी-मेढ़ी पूँछ पर जलाने की लकड़ियाँ काटते क्योंकि उसकी ऊँचाई एकदम सही थी तथा महिला बुनाई समूह उसके नुकीले खूँटों पर भेड़ों के बाल कातती।

अक्सर ठंडी रातों में, जब मखमली आकाश में चमकीले तारे टिमटिमाते और बच्चे शान्ति से सो रहे होते, बड़े लोग नरम गद्दी वाली आरामकुर्सियों पर, हाथों में गर्म कोका के मग लिए, शाम के समय आराम करते। तब, ड्रैगन वहाँ कैसे आया, की कहानियाँ आरंभ हो जाती। किसी को भी विश्वास के साथ पता न था। किस परिवार ने कहानी सुनाई, उसके आधार पर अनेक भिन्न संस्करण थे, किन्तु वह बात जिस पर सब सहमत थे, यह थी :

मुसीबत के समय

यह ड्रैगन जागेगा

और गाँव को मुक्त करने के लिए

एक झील बनाएगा

यह छोटी कविता सबके मस्तिष्क में छपी थी।

दिन शान्ति से धीरे-धीरे बीतते गए और अधिक महत्त्वपूर्ण था, बिना किसी वर्षा के। उस घाटी में, जहाँ तक बच्चों को याद था, काफी समय से वर्षा नहीं हुई थी। कुँओं में मटमैला भूरा जल आने लगा था और वस्त्रों को पिछले दिन के बर्तन धोने के जल से धोया जाता था। बगीचे करारे बिस्किट के रंग के जैसे फीके हो गए थे तथा फूलों ने अपने सुंदर फूल झुका दिए थे। यहाँ तक कि वृक्षों ने भी, थकी हुई बाँहों की तरह, अपनी डालियाँ झुका दी थीं। हर गर्म, तपे हुए दिन के साथ ही घाटी भूरी और शुष्क और प्यासी होती जाती।

गाँव के निवासी चिंतित होते और एक-दूसरे के पास निकलते हुए सिर हिलाते, टट्-टट् करते हुए बुदबुदाते।

वे साफ, नीले आकाश में वर्षा के बादलों को तलाशते हुए ऊपर देखते किन्तु कोई कभी न आया। सूर्य के खुले प्रकाश में बच्चों के खेलने के लिए अब बहुत गर्मी थी और अब वे वृक्षों की छाया में एकत्रित होते, मिट्टी में गड्ढे खोदते और सूखी टहनियाँ तोड़ते रहते।

''ड्रैगन जल्दी ही हमारी सहायता करेगा,'' एक बालक बोला।

''उसे कुछ करना होगा,'' एक और ने सहमति जताई।

''मुझे विश्वास है वो करेगा।''

उन सब ने सहमति में सिर हिलाया।

बिना किसी बदलाव के, एक सप्ताह और बीत गया और लोग, जितना अच्छा हो सके, जूझते रहे। कुछ ड्रैगन से नाराज हो गए और उसकी बगल से निकलते हुए, उसे गुस्से में कनखियों से देखते। गाँव वाले चिड़चिड़े होते व सूखते जा रहे थे।

इस बीच, बच्चों के पास एक योजना थी। तेजी और शान्ति से वे पूरे गाँव में, फीके पड़ते फूलों को तोड़ते व चुनते हुए, अदृश्य घूमते फिरे। बाँहों को फैलाए तथा ठोड़ियों तक गुच्छों से लदे हुए, वे सरसराते हुए उस स्थान पर पहुँचे, जहाँ सदा की तरह शान्त, वह विशाल चट्टान पड़ी थी।

लड़के और लड़कियों ने ड्रैगन के चारों ओर एक विशाल चक्कर में फूलों के गुच्छे रख दिए। उन्होंने उसके सिर के आस-पास और उसकी नाक के ऊपर पंखड़ियाँ बिखेरी, उसके चारों ओर नाचते जाते, कूदते और उस कविता को जपते जाते जो उन्हें अच्छे से याद थी।

मुसीबत के समय

यह ड्रैगन जागेगा

और गाँव को मुक्त करने के लिए

एक झील बनाएगा

झुलसाती गर्मी से उन्हें चक्कर आने लगे तथा वे उनींदे हो गए और आखिरकार, वे सारे टीले की तली में एक विशाल ढेर के रूप में गिर पड़े। उन्होंने चट्टान की ओर ऊपर देखा। कुछ नहीं हुआ।

शुष्क पवन ने सुस्ती से कुछ फूलों को उठाकर आस-पास घुमाया। वायु में सुगंध और पराग कण भरे थे।

एक पथरीला भूरा नथुना हल्के से हिला।

''मैंने कुछ देखा,'' सबसे छोटा लड़का चिल्लाया।

वे उसे उम्मीद से घूरने लगे।

एक कान पेरिस्कोप के समान घूमा। धरती गड़गड़ाने लगी।

''सँभलो! भागो! भागो!''

बच्चे हर दिशा में तेजी से भागे, चीखते-चिल्लाते, उत्तेजना से हाथ हिलाते हुए।

गड़गड़ाहट बढ़ी, और बढ़ी।

ड्रैगन ने अपना उनींदा सिर ऊपर उठाया।

वह अपने अगले पैरों पर उठा और कुत्ते की तरह बैठ गया। वह खड़ा हुआ और किसी मोटी बिल्ली के समान, कमर को गोल करके अँगड़ाई ली। उसने अपनी लंबी पलकों वाली बड़ी व दयालु आँखें मिचमिचाई व चारों ओर देखा। और तब उसके नथुने फिर से हिले व थरथराए।

चीख-चिल्लाहट से बड़े सावधान हो गए। दौड़ने के लिए महिलाओं ने अपनी लंबी स्कर्ट ऊपर उठा ली और पुरुषों ने अपनी बाँहें चढ़ा ली और शीघ्र ही पूरा गाँव पहाड़ी की तलहटी में एक कसे समूह में एक साथ खड़ा हुआ, अपने-अपने मुँह खोले उस विशाल जंतु को घूर रहा था।

''आहहह आहहह!!''

ड्रैगन ने शोर किया।

''आहहह आहहह!!''

परिवारों ने एक दूसरे को कस कर पकड़ लिया और आंखें बंद कर ली।

ड्रैगन में रॉकेट की तरह छींक का विस्फोट हुआ, जिससे वह पचास कदम पीछे फिक गया, और धूल व मिट्टी का चक्रवात बन गया।

दूसरे विस्फोट ने शुष्क धरती को फाड़ दिया, जिससे मिट्टी व वृक्ष आकाश में फेंके गए, और कुछ और भी...

लोगों ने आवाज सुनी किन्तु पहली बार में पहचान न पाए क्योंकि इस मधुर कलकल ध्वनि सुने उनके कानों को बहुत समय हो गया था। जैसे ही उनकी आँखें आश्चर्य से चौड़ी हुईं, उनकी मुस्कान पहले खिलखिलाहट में बदलीं और फिर याहू और हुर्रे में बदल गईं। जल-ठंडा, स्वच्छ, धारा का जल, फूटा, धीरे से बहा और फिर घाटी के फर्श पर तेजी से बह निकला।

इस तेज गति की धारा ने एक किसान की सूखी घास के ढेर को लुढ़का दिया। परंतु उसे चिंता न थी। नदी स्कूल शिक्षिका की साइकिलों के छप्पर को बहा ले गई किन्तु उसने परवाह न की। महिलाएँ प्रसन्नता से चीख पड़ी और पुरुष प्रसन्नता से, अपनी टोपियाँ हवा में उछालते हुए, चिल्लाने व सीटी बजाने लगे।

जो अब तक एक गंदा, भूरा मिट्टी का कटोरा होता था, अब सूर्य के प्रकाश में चमचमाने और चमकने लगा, झील में शिलादंड लहरे हिलोरे लेने लगीं और सब को साझा करने के लिए निमंत्रण देने लगा।

‘‘हम्म्म्,’’ ड्रैगन ने अपने सफेद दाँत दिखाते हुए उनींदी सी आह भरी। ‘‘जैसा कि मैं जाग कर देख रहा हूँ...’’

और आश्चर्यजनक अदा व गरिमा से वह भद-भद करता हुआ आगे बढ़ा तथा अपने पंजे व पूँछ को हल्का सा हिलाते हुए ठंडे अँधियारे जल में गायब हो गया।

उन्होंने फिर उसे कभी नहीं देखा।

जब सारे परिवारों ने गाँव को दोबारा बना व ठीक कर लिया, तो जिस स्थान पर ड्रैगन पड़ा रहता था, वहाँ उन्होंने एक स्मारक और बैंड बजाने के लिए मंच बनवाया। हर वर्ष समय को अंकित करने के लिए वे शाक व फूलमालाएँ लाते हैं और एक बड़े चक्कर में सजाते हैं। ‘जल ड्रैगन दिन’ पर बच्चों की छुट्टी होती है। पूरे सप्ताह कार्य करके बनाये ड्रैगन मास्क पहने हुए, वे कूदते, ताली बजाते व गाने गाते हैं।

ड्रैगन ने हमारी सहायता की

जैसा, हमने कहा था कि वो करेगा

ड्रैगन के लिए हुर्रे

आछू, आछू, आछू!

और यह कहानी का अंत है।

## Creative Exercise

**TEXTUAL STUDY**

**A. Answer the following questions :**

1. The children would clamber all over the dragon, poke sticks at it and hang their wet boots on its ears.
2. No one was scared of the Dragon Rock because it never, ever moved.
3. Due to the heat, the people were in a large of slumber. The lawns had faded to a crisp brown biscuit colour and the flowers drooped their beautiful heads. Even the trees seemed to hang their branches like weary arms.
4. Some people were angry with the Dragon Rock because it did not free them of trouble as they had believed all along.
5. The children's plan was to awake the Dragon. For this, they plucked and picked fading flowers, made bouquets and bunches and placed them around the Dragon in a big circle. They scattered petals around its head and over its nose, then danced around and around it and chanting the rhyme that they knew so well.

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (b) **2.** (b) **3.** (a) **4.** (c)

**C. Write True or False :**

**1.** True **2.** False **3.** True **4.** False
**5.** False **6.** True

**D. Answer these questions with reference to the context :**

1. These words were said by one child to another when of them said that the dragon will help them and the other one agreed. Here, 'He' refers to the dragon.
2. The families gripped each other tighter and shut their eyes in anticipation of a blast of air from the dragon's nostrils who was about to sneeze.
3. The people heard the sound of roaring water but could not recognize it at first because it had been such a long time since their ears had heard such tinkling melody.
4. After the Dragon had created the river and disappeared into its dark cool water, he decided to erect a monument and a bandstand in the spot where the Dragon used to lie. The occassion was the time the Dragon woke up. It was now called the 'Water Dragon Day'.

**VOCABULARY SKILL**

**E. Match the following words :**

| | |
|---|---|
| **1.** meadows | rough |
| **2.** tut-tuts | strong wave of water |
| **3.** scaly | hard and easily broken |
| **4.** torrent | play happily |
| **5.** brittle | fields of grass |
| **6.** frolic | sound |

## Comprehensive Exercise

**GRAMMAR SKILL**

**A. Change the following sentences into Passive Voice :**

1. The match had been won by them.
2. This lesson had been taught to us by the teacher.
3. A song will be sung by her.
4. A big gift was sent to him by me.
5. Food was being cooked by my mother.
6. Good boots were made by Mr. Gessler.
7. The truth will be found out by them.
8. Mistakes have been made by him.
9. A match is being played by the boys.
10. He is seen in the park daily by me.

**B., C., D., E., F.,** Do it yourself.

## Questions

### हिन्दी अनुवाद

इस कविता में कवि ब्रह्मांड की उत्पत्ति, हमारे पूर्वज, जीवन और मृत्यु के बारे में प्रश्न रखता है। अंतिम छंद में वह पूछता है कि हम कहाँ से आते हैं व कहाँ चले जाते हैं? आइए, कविता

पढ़ते व समझते हैं।
कैसे? कौन कह सकता है कैसे?
तबसे अब तक हमने कैसे यात्रा की?
आकाश गंगाएँ तेजी से दूर, और दूर, होती गईं—
यह सब कुछ आंरभ कैसे हुआ?
क्या वहाँ विस्फोट हुआ? कितना पहले?
क्या किसी को वाकई पता है?
क्यों? कौन कह सकता है क्यों?
डायनोसोर का वंश कैसे समाप्त हुआ?
एक जंतु जिसकी शक्ति इतनी महान थी
अपनी आत्मा छोड़ जीवाश्म बन गया
कोई संकेत दो हमें, ऐसा क्यों हुआ?
क्या किसी को वाकई पता है?
कब? कौन कह सकता है कब?
हमारे पूर्वज मानव कब बने?
अपने परिवार के वृक्ष में झूलते हुए,
वे मरे जैसे दिखना कब आरंभ हुए?
भारी-भरकम मस्तिष्क, तुम कब विकसित हुए?
क्या किसी को वाकई पता है?
कौन? कौन कह सकता है कौन?
कौन एक अथवा दो पहेली सुलझा सकता है?
बर्फ को पिघलाना, घड़ियों की चाभी कसना,
रहस्यों के डिब्बे का ढक्कन कौन उठाएगा?
हम कहाँ से आते हैं और कहाँ चले जाते हैं?
और कौन बता सकता है कि इस नाटक का निर्देशक कौन है?
क्या किसी को वाकई पता है?

## Creative Exercise

**TEXTUAL STUDY**

**A. Answer the following questions :**

1. The apes are our ancestors.
2. 'Turn into a fossil' means that an organism has died, leaving behind an impression and remnants in the earth that has far outlived it.
3. 'The Show' is the creation or the world around us of which we are a part.
4. The 'mystery box' that the poet would like opened is the knowledge which would provide answers to all his questions.
5. The poet repeats the line, "Does anyone anywhere really know?" to emphasise the point the no one has been able to answer all his questions.

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (a) **2.** (a) **3.** (c)

**VOCABULARY SKILL**

**C. Find out the rhyming words from the poem :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| how | **now** | apart | **start** | ago | **know** |
| why | **die** | colossal | **fossil** | so | **know** |
| when | **men** | tree | **me** | grow | **know** |
| who | **two** | clocks | **box** | show | **know** |

**D. Do it yourself.**

## Improvement Activities-4
## (Lessons 10, 11, 12)

**A. Answer the following questions :**

**1.** The bear in this story ate bread, porridge, potatoes, cabbages, turnips etc., just as the dogs.

**2.** The bear was put on the chain continuously for two days because of some difficulties about the beehives. He was generally put on a chain on Sundays whenever his mistress went to spend the afternoon with her married sister.

**3.** Humans treated animals like horses and cattle with cruelty, killed them and enslaved them.

**4.** Zoe and her family were not humans but An-vils.

**5.** Some people were angry with the Dragon Rock because it did not free them of trouble as they had believed all along.

**B. Tick (✓) the correct option :**

**1.** (b) **2.** (b) **3.** (a) **4.** (c) **5.** (b)

**C. Write True or False :**

**1.** False **2.** False **3.** True **4.** True **5.** True

**D. Match the following words :**

| | |
|---|---|
| **1.** kennel | mischievious |
| **2.** awkward | homesickness |
| **3.** naughty | dog's home |
| **4.** enslaved | clumsy |
| **5.** nostalgia | made slave of |

**E. Change the following sentences as directed :**

**1.** The master will beat his dog.

**2.** Good boots were made by Mr. Gessler.

**3.** I wash my clothes myself.

**4.** Sanjay says that Reena is an early riser.

**5.** The teacher said, "Komal, stand up."